


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com




वर्ष- 13, अंक - 215 | भिलाई, सोमवार 23 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर

### हिरण का अवैध शिकार, एक का शव बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में कथित तौर पर चित्तीदार हिरन का अवैध शिकार करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जमील खान (48 वर्ष), शाकिम खान, माजिद खान (42 वर्ष) और नियाजउद्दीन उर्फ रंगू (40) को शनिवार रात पटेवा थाना क्षेत्र के तहत दो मोटरसाइकिलों को रोके जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक हिरण का शव बरामद किया गया है। महासमुंद की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा तेम्भुरकर ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त एसपी ने कहा कि उन्होंने कबूल किया है कि उन्होंने लोहरडीह गांव के पास जंगलों में एक एयर-गन के साथ हिरन का शिकार किया था। चारों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने चित्तीदार हिरण को मार डाला क्योंकि इसकी तस्करी से बहुत पैसा मिलता है। अधिकारी ने कहा कि हमने चारों के पास से एक एयरगन, नाइट विजन उपकरण, एक साइलेंसर और एक शिकार चाकू जब्त किया है। इन चारों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया गया है।

### राज्यपाल का ट्विटर हैंडल बहाल, साइबर अपराधियों ने कर लिया था हैक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को फिर से बहाल कर दिया गया है। रविवार को राजभवन ने इस बात की जानकारी दी। गौरतलब है कि राज्यपाल का ट्विटर हैंडल तीन दिन तक बंद रहा, 19 मई को अज्ञात अपराधियों द्वारा उनके ट्विटर अकाउंट को हैक कर लिया गया था।

# जिले में लगातार तीसरे दिन हत्या से पुलिस के माथे पर शिकन

## युवक की तेजधार हथियार से हत्या

### घर से कुछ ही दूरी पर मिली रक्तरंजित लाश, हत्या का कारण और आरोपियों का सुराग नहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई-3 थाना इलाके के औंधी गांव में एक युवक की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई है। युवक की रक्तरंजित लाश आज सुबह उसके घर से कुछ ही दूरी पर मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक निरंजन यादव पिता दुकालू यादव ( 26 वर्ष ) औंधी के वार्ड 3 नारधी रोड का रहने वाला है। फिलहाल हत्या का कारण और आरोपियों का सुराग नहीं मिल पाया है।

भिलाई-3 से सिरसा कला होकर मोतीपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित औंधी गांव में आज झाड़ियों के बीच औंधे मुंह पड़ी लाश देखकर गांव वाले सहम से गए। खबर पल भर के भीतर पूरे गांव में फैल गई। इसके साथ ही मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान गांव के ही निरंजन यादव के रूप में होने के बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना भिलाई-3 थाने को दी। सीएसपी विश्वास चन्द्राकर व



टीआई मनीष शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस के अधिकारियों ने गांव के पूर्व सरपंच राजेश चन्द्राकर ग्रामीणों की मौजूदगी में मौका ए वारदात का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक के सिर पर किसी टंगिया नुमा हथियार से बेदर्दी के साथ हमला करने का निशान है। इसके अलावा शरीर के कुछ और हिस्से में चोट तथा गले पर दबाने का भी निशान पाया गया है। शव को पंचनामा के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया। मृतक युवक की मां और छोटे भाई से पूछताछ में पता चला है कि रात में खाना खाने के बाद 11 बजे के आसपास निरंजन टहलकर आने की बात कहकर घर से निकला था। रात 2 बजे के करीब मां ने देखा तो निरंजन बिस्तर में नहीं था। उसे लगा उसका बेटा किसी दोस्त के घर सो गया है।

बताया जाता है कि निरंजन का पिता दुकालू यादव 20 साल पहले पत्नी और दोनों बेटे को छोड़ कर चला गया था। जिसके बाद निरंजन की मां अपने दोनों बेटों के साथ औंधी में अपने भाई के घर आ गई थी। बड़े होने पर निरंजन मकान निर्माण कार्य में मजदूरी करने लगा था। उसका किसी से पुरानी रंजिश होने की जानकारी भी ग्रामीणों से पुलिस को नहीं मिल पाया है। फिलहाल पुलिस हत्या का मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों का सुराग तलाशने में जुट गई है।

### लगातार तिसरे दिन हत्या की वारदात

दुर्ग जिले में लगातार तिसरे दिन हत्या की वारदात ने पुलिस के आला अधिकारियों के माथे पर सिकन ला दिया है। 20 मई को पाटन थाना क्षेत्र में लोहरसी - रवेली के बीच आंवला बगीचा में एक युवक को उसी के तीन दोस्तों ने शराब पीने के बाद पीट पीटकर मार डाला। इसके अगली रात को जामुल थाना क्षेत्र के खेरधा गांव में रायपुर जिले के मंदिर हसौद निवासी युवक की हत्या हुई। हत्या के इन दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन जनमानस में इन दोनों वारदात की चर्चा अभी थमी भी नहीं थी कि आज औंधी गांव में एक और हत्या हो गई।

#### छत्तीसगढ़ में भी कम होंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

## सीएम भूपेश का ऐलान- पड़ोसी राज्यों के हिसाब से कम करेंगे वैट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** महंगाई की मार झेल रही जनता को केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर बड़ी राहत दी है। इस निर्णय के बाद पेट्रोल 9.5 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7 रुपये प्रति लीटर कम हो गए। केंद्र की इस पहल के बाद छत्तीसगढ़ सरकार पर वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) कम करने का दबाव बढ़ गया है। भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार पर वैट कम करने सियासी हमला कर रही है। ऐसे में सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि पड़ोसी राज्य कितना वैट कम कर रहे हैं। उस हिसाब से हम भी वैट कम करेंगे।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर जनता पर महंगाई के टॉर्चर को थोड़ा कम किया है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय जितना सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी था, उसे उसी दर पर लाया जाना चाहिए। भारत सरकार ने 4 फीसदी सेस लगाया है, उसे भी खत्म करें। गैस सिलेंडर के दाम भी यूपीए सरकार की तरह कम करके जनता को राहत दें। सीएम ने कहा कि पिछली बार भी हमने वैट कम किया था।

### छत्तीसगढ़ सरकार पर बढ़ा दबाव

आपको बता दें कि केंद्र सरकार के एक्साइज ड्यूटी घटाने के बाद केरल, राजस्थान और महाराष्ट्र सरकार ने वैट घटा दिया है, जिससे इन राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम घट गए हैं। वहीं ऐसी खबरें आ रहीं हैं कि मध्य प्रदेश सरकार भी वैट कम करने पर विचार कर रही है, जिससे पेट्रोल-डीजल के दामों में और कमी आ सकती है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि अगर पड़ोसी राज्य वैट कम करेंगे तो छत्तीसगढ़ सरकार भी वैट कम करेगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व मुख्य विपक्षी पार्टी ने राज्य सरकार से वैट कम कर जनता को राहत देने की मांग की है।

### 4 फीसदी सेस को भी हटाया जाए

सीएम भूपेश ने कहा कि पेट्रोल पर 8 और डीजल पर 6 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाया गया है। केंद्र की ओर से पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने से हमें 570 करोड़ रुपये सेंट्रल एक्साइज का नुकसान होगा, लेकिन प्रदेश की जनता के हित में हम फैसले का स्वागत करते हैं। भूपेश ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए 4 फीसदी सेस को भी हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नवंबर-2021 में वैट कम किया था। राज्य मंत्री परिषद की बैठक में पेट्रोल में एक और डीजल में 2 प्रतिशत वैट कम करने का फैसला लिया था, जिससे राज्य सरकार को एक हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है।

# छत, दीवारें गिराने व नमाज पढ़ने से मंदिर का स्वरूप नहीं बदलता, सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन ज्ञानवापी केस को लेकर एक हस्तक्षेप याचिका दायर की गई है। इसमें वरिष्ठ वकील व भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने कहा है कि मंदिर की जमीन पर बनी मस्जिद को मस्जिद नहीं माना जा सकता है। किसी मंदिर की छत व दीवारें गिराने से उसका स्वरूप नहीं बदलता है।

वकील उपाध्याय ने पूर्व में पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 (अधिनियम) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका दायर की थी। हस्तक्षेप याचिका में उपाध्याय ने कहा है कि किसी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर हमेशा मंदिर रहता है, जब तक कि वह अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाए या मूर्ति का विधि विधान से विसर्जन न हो। मंदिर और मस्जिद का धार्मिक स्वरूप पूरी तरह से भिन्न है, इसलिए एक ही कानून दोनों के लिए लागू नहीं किया जा सकता।


अर्जी में आगे कहा गया है कि मंदिर की जमीन पर बनी मस्जिद मस्जिद नहीं हो सकती है। ऐसा निर्माण न केवल इस्लामी कानून के खिलाफ है, बल्कि इस आधार पर भी गलत है कि एक बार देवता में निहित संपत्ति देवता की संपत्ति और अधिकार बनी रहती है। देवता और भक्त कभी नष्ट नहीं होते, चाहे कितनी भी लंबी अवधि तक ऐसी संपत्ति पर अवैध कब्जा रहे।

यह भी कहा गया है कि केवल उन्हीं धर्मस्थलों का संरक्षण किया जाना चाहिए, जिन्हें संबंधित व्यक्ति ने पर्सनल लॉ के तहत बनाया है, लेकिन जो धर्म स्थल इस कानून का अपमान करते हुए बनाए गए हैं, उन्हें धर्मस्थल नहीं कहा जा सकता। हालांकि बर्बर आक्रांताओं के अवैध कृत्यों को वैधानिक रूप देने की अंतिम तिथि अगस्त 1947 मानी गई है।

# 'खतरे से खेल रहा चीन, भुगतना होगा अंजाम' ताइवान को धमकी देने पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान में आयोजित होने जा रहे क्वाड समिट से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को ताइवान के मसले पर कड़ा संदेश दिया है। जो बाइडेन ने कहा कि यदि ताइवान पर चीन हमला करता है तो फिर अमेरिका उसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ऐसा होने की स्थिति में अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य मदद दी जाएगी। यही नहीं उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चीन खतरे से खेलने का प्रयास कर रहा है। मीडिया से बात करते हुए जो बाइडेन ने कहा कि यह हमारा कमिटमेंट है कि ताइवान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि वन चाइना पॉलिसी को लेकर सहमत हैं, लेकिन किसी भी क्षेत्र पर यदि चीन की ओर से जबरन कब्जा किया जाता है तो फिर उसका जवाब दिया जाएगा।





### भड़क सकता है चीन, दे चुका है खतरनाक हालात की चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ताइवान को लेकर अमेरिकी पॉलिसी में कोई बदलाव नहीं आया है। जो बाइडेन के इस रुख पर चीन भी भड़क सकता है। वह पहले भी कई बार अमेरिका को ताइवान की मदद के मामले में चेतावनी दे चुका है। पिछले ही दिनों अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से बातचीत में बीजिंग के टॉप डिप्लोमैट यांग जेइची ने कहा था, 'यदि अमेरिका की तरफसे लगातार ताइवान कार्ड चला जाता रहा तो फिर इससे खतरनाक स्थितियां पैदा हो जाएंगी।'

### बाइडेन बोले- ताइवान पर हमला हुआ तो हम लेंगे कड़ा ऐक्शन

उन्होंने कहा, 'हम वन चाइना पॉलिसी से सहमत हैं। हमने उस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन बलपूर्वक कुछ भी हथियाने का काम चीन करता है तो वह ठीक नहीं होगा। इससे पूरे क्षेत्र में अशांति होगी और यहां भी वैसा ही ऐक्शन होगा, जैसा यूक्रेन में लिया जा रहा है।' इस तरह जो बाइडेन ने बता दिया कि कैसे पश्चिमी देशों की यूक्रेन को मदद की गई है और इसके चलते रूस को बड़ा झटका लगा है। यदि चीन की ओर से ताइवान को लेकर हमले जैसी हरकत की जाती है तो फिर उसके खिलाफ भी ऐसा ही ऐक्शन लिया जाएगा।

### पुतिन को चुकानी होगी कीमत, चीन के लिए भी सबक

इस दौरान जो बाइडेन ने रूस को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन में बर्बरता की कीमत व्लादिमीर पुतिन को चुकानी होगी। रूस को लंबे वक्त तक इसकी कीमत अदा करनी होगी।' उन्होंने कहा कि यह बात सिर्फ यूक्रेन को लेकर ही नहीं है। चीन भी यह देख रहा है कि कैसे पश्चिमी देशों के दखल के चलते रूस को पीछे हटना पड़ा है। चीन को इससे ज्यादा क्या संकेत दिया जा सकता है कि यदि उसने ताइवान पर हमला किया तो फिर क्या कीमत चुकानी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि चीन के पास यह अधिकार नहीं है कि वह ताइवान पर जबरन कब्जा कर ले।



## रेल रूट पर आंदोलन, 81 ट्रेनों का बदला गया रास्ता, 55 को करना पड़ा रद्द

**लखीसराय (एजेंसी)।** बिहार के लखीसराय में अति व्यस्त दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर बड़ा आंदोलन चल रहा है, जिसकी वजह से दर्जनों ट्रेनों का रास्ता बदला गया है तो 50 से अधिक ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। बड़हिया में चल रहे आंदोलन की वजह से सोमवार को दूसरे दिन 80 से अधिक ट्रेनों का रूट बदला गया है। वहीं दो ट्रेनों का सफर छोटा किया गया है। रेल व जिला प्रशासन के काफी समझाने के बाद भी आंदोलनकारी समझने को तैयार नहीं हैं। इसका नतीजा यह है कि रेलवे भी लगातार बुलेटिन जारी कर रद्द व मार्ग परिवर्तन होने वाली ट्रेनों की सूची जारी कर रहा है। कई ट्रेनों का परिचालन मुंगेर, गया आदि रूटों से किया जा रहा है।

# जंगल व पहाड़ों को पार कर लोगों तक दवाई पहुंचाने जाती हैं एएनएम कार्यकर्ता, सेवाभाव देख हर कोई कर रहा तारीफ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** आशा कार्यकर्ताओं को उनके सराहनीय कार्य के लिए रविवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड से नवाजा गया। इस बीच छत्तीसगढ़ से एएनएम कार्यकर्ताओं का वीडियो सामने आया है, जो पहाड़ों और जंगलों को पार कर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं।

एएनआई द्वारा जारी किए गए इस वीडियो में दो एएनएम कार्यकर्ता घने जंगलों और पहाड़ों को पार करती दिखती हैं। जानकारी के मुताबिक, एएनएम कार्यकर्ता यहां के झलवासा गांव में हेल्थ कैंप लगाने के लिए जाती दिख रही हैं।

### 10 किलोमीटर चलना पड़ता है पैदल

वीडियो सामने आने के बाद एएनएम कार्यकर्ताओं की हर ओर चर्चा हो रही है। वीडियो के संबंध में बलरामपुर के डीसी कुंदन कुमार ने बताया कि, यहां का झलवासा गांव सबसे दूर बसा हुआ है। यहां जाने के लिए करीब 10



किमी पहाड़ों व जंगलों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यहां लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए हम कैंप लगा रहे हैं। हमारी दो एएनएम हल्मी और सुचिता सिंह लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि ये कार्यकर्ता घने जंगलों में जाकर लोगों का इलाज कर रही हैं। कैंप के दौरान लोगों के बीपी, शुगर, समेत अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। ज्यादातर ठीक पाए गए।

### डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने की आशा कार्यकर्ताओं की तारीफ

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस ने कहा आशा स्वयंसेवियों ने मातृत्व सेवा और बच्चों के लिए टीकाकरण के क्षेत्र में भी अहम काम किया है। इसके अलावा उन्होंने भारत में सामुदायिक हेल्थकेयर को बेहतर करने में, तनाव और टीबी के लिए इलाज और पोषण के साथ साफ-सफाई व स्वस्थ जीवन को लेकर भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया, असमानता, विवाद, खाद्य असुरक्षा, जलवायु संकट और एक वैश्विक महामारी का सामना कर रही है, यह अवार्ड उन लोगों के कार्यों को पहचान देता है जिन्होंने दुनियाभर में स्वास्थ्य की सुरक्षा और इसे बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह अवार्ड निस्वार्थ सेवा को समर्पित है।



## संपादकीय

# 5जी की ओर

भारत 5जी प्रौद्योगिकी की ओर कदम बढ़ा चुका है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में स्थापित एक परीक्षण नेटवर्क पर पहली 5जी कॉल की, तब भारत ने संचार के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी हासिल की। यह परीक्षण सफल रहा, यानी आने वाले समय में भारत में 5जी सेवाओं का विस्तार तेजी से होगा। सबसे अच्छी बात है कि इस तकनीक के विकास में हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का ही सर्वाधिक योगदान है। तकनीकी विकास में जितनी तेजी आएगी, भारत के विकास को उतना ही बल मिलेगा। वैसे भी यह ध्यान देने की बात है कि इस तकनीक में भारत दुनिया में विकसित देशों से पीछे चल रहा है। कुछ देशों में साल 2019 से ही 5जी की शुरुआत हो चुकी है। एक अनुमान है कि साल 2025 तक दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग 5जी का इस्तेमाल करने लगेंगे, लेकिन तब तक 6जी की उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।

> “ कुछ कंपनियों ने 2जी से आगे बढ़ने के लिए अभियान छेड़ रखा है, लेकिन अभी भी 20 करोड़ लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। मतलब हमें सुधार की दिशा में ज्यादा तेजी से बढ़ना चाहिए और सेवाओं को किफायती रखने की कोशिश भी जारी रहनी चाहिए।

दरअसल, कोरोना महामारी की वजह से 5जी तकनीक के मामले में देरी हुई है। पिछले साल ही यह घोषणा हुई थी कि 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी 2022 के अप्रैल से मई के आसपास होगी। लेकिन इस काम में कुछ देरी हुई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इस साल की शुरुआत में बजट पेश करते हुए स्पेक्ट्रम नीलामी की बात कही थी। आशा है कि बहुत जल्दी ही पांचवीं पीढ़ी की इन सेवाओं के लिए नीलामी का आयोजन होगा और कुछ ही महीनों में 5जी सेवा आम लोगों के हाथों में पहुंच जाएगी। भारत इस कोशिश में है कि इन सेवाओं के मामले में किसी भी देश पर हमारी निर्भरता न रहे और तकनीक हर स्तर पर स्वदेश आधारित हो। आज सूचनाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। तकनीक की सुदृढ़ता से ही भारत संचार को मजबूती मिलने वाली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार विभाग अगले सप्ताह 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल में पेश करेगा और सेवाओं की शुरुआत अगस्त या सितंबर से शुरू हो जाएगी। लोग तो यही चाहेंगे कि जल्द से जल्दी यह सुविधा हासिल हो। अच्छी बात है कि अभी संचार कंपनियां अपने स्तर पर 5जी का परीक्षण कर रही हैं और वे अपने स्तर पर सेवा देने के लिए लगभग तैयार हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि मोबाइल टेलीफोन सेवा ने लंबा और शानदार सफर तय किया है। 1970 के दशक के अंत में जापान में 1जी लॉन्च किया गया था। यह मोबाइल दूरसंचार तकनीक की पहली पीढ़ी थी, जो केवल वॉयस कॉल की सुविधा देती थी। साल 1991 में 2जी की शुरुआत के साथ तकनीक ने इतिहास रचने की शुरुआत की। दूसरी पीढ़ी में तकनीक पूरी तरह से डिजिटल हो गई। लोग फोन को लेकर घूमने लगे। फोन पर बातचीत करने के लिए एक जगह रहने की मजबूरी खत्म हो गई। वास्तव में, भारत में 2जी आज भी सबसे लोकप्रिय और सबसे उपयोगी बना हुआ है। जबकि 4जी की सेवा से एक बड़ी आबादी है, जो वंचित है। दूरसंचार कंपनियों को कुछ ऐसा करना चाहिए कि एक ही तरह की सेवा देश में सभी ग्राहकों को मिले। ऐसा न हो कि 2जी सेवा भी चलती रहे और देश का एक वर्ग 5जी पर आ जाए। कुछ कंपनियों ने 2जी से आगे बढ़ने के लिए अभियान छेड़ रखा है, लेकिन अभी भी 20 करोड़ लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। मतलब हमें सुधार की दिशा में ज्यादा तेजी से बढ़ना चाहिए और सेवाओं को किफायती रखने की कोशिश भी जारी रहनी चाहिए।

## ऑटो मोड में ही विदेश और सुरक्षा

ऑटो मोड में ही देश की विदेश और सामरिक नीति है। वैसे इसमें यों भी सब 75 साल से ऑटो मोड में है। निर्गुट आंदोलन कब का समाप्त हो चुका है फिर भी भारत की विदेश नीति उसी ढर्रे पर चल रही है। रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो लोकतंत्र और अहिंसा की तमाम दुहाई के बावजूद भारत से यह कहते नहीं बना कि रूस हमलावर है और उसे युद्ध तुरंत बंद करना चाहिए। इस मामले में भी निर्गुट राजनीति कि भारत रूस के साथ भी है और यूक्रेन के साथ भी। इस कूटनीति से भारत लगातार अलग थलग होता जाएगा। ऐसे ही चीन को लेकर भारत की नीति है। चीन 1958 से भारत की जमीन कब्जा करता जा रहा है। वह 1958 में कब्जाई जमीन पर पुल बना रहा है और भारत सरकार कह रही है कि वह उस पुल पर नजर रखे हुए है। चीन पूर्वी लद्दाख से लेकर डोकलाम के ट्राई जंक्शन तक और अरुणाचल प्रदेश के अंदर तक अंदर तक अपना दावा कर रहा है या दखल बढ़ा रहा है। जिस रफ्तार से भारत के प्रति उसकी विस्तारवादी नीतियां बढ़ रही हैं उसी रफ्तार से उसके साथ भारत का कारोबार भी बढ़ रहा है।

**-हरिशंकर व्यास**

> “ कम से कम इसके भरोसे अगले चुनाव की रणनीति तो नहीं बनाई जा सकती। फिर अगर आप राष्ट्रवाद को दिल में बसा लें, तब भी आपका मुकाबला उनसे है, जिन्होंने राष्ट्रवाद को या तो माथे पर सजा रखा है या फिर कंधे पर चढ़ा रखा है। आपको यह काम उस दौर में करना है, जब लोगों ने राजनेताओं पर सहज ही विश्वास करना छोड़ दिया है।

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

# राष्ट्रवाद में राहत तलाशती पार्टियां

कांग्रेस ने उदयपुर चिंतन शिविर के मंथन से जो चीजें निकाली हैं, उनमें एक राष्ट्रवाद भी है। पार्टी के नौ पेज के नवसंकल्प-पत्र में राष्ट्रवाद शब्द का इस्तेमाल चार बार किया गया है और इसे पार्टी का मूल चरित्र बताया गया है। कांग्रेस ने भले ही इस शब्द को आज अपने अतीत से धूल झाड़कर बाहर निकाला हो, लेकिन यह देश काफी लंबे समय तक ऐसे ही सोचता रहा है। स्कूलों और यहां तक कि तमाम मोहल्लों में विभिन्न अवसरों पर जब गांधी, नेहरू, सुभाष और सरदार पटेल आदि की तस्वीरें लगाकर राष्ट्रभक्ति के गीत गाए जाते थे, तो कांग्रेस वहां किसी न किसी रूप में उपस्थित रहती थी। इन सबसे जो आख्यान उभरता था, उसमें कांग्रेस के बिना राष्ट्रवाद और राष्ट्रवाद के बिना कांग्रेस की कल्पना नहीं की जाती थी। फिर यह शब्द अतीत के तहखानों में धूल फांकने के लिए क्यों छोड़ दिया गया?

पिछले तीन दशक की कांग्रेस की राजनीति देखें, तो पुराने कई रुझान बदलते दिखाई देते हैं। इस दौर में जो कांग्रेस हमारे सामने आती है, उसका सारा चिंतन आर्थिक बदलावों के आस-पास ही दिखता है। उसके पास देश के लिए आर्थिक उदारीकरण है, मनरेगा है, भोजन का अधिकार है, शिक्षा का अधिकार है और सूचना पाने का अधिकार भी है। गठबंधन युग के तमाम जुगाड़ साधते हुए पार्टी ने इनके लिए हरसंभव कोशिशें भी कीं, जिनसे देश ने बहुत कुछ हासिल किया और बहुत कुछ खोया भी। इन कोशिशों के बीच राष्ट्रवाद कब हाथ से फिसल गया, पता ही नहीं चला। देश की भौतिक जरूरतों के चक्कर में उस जनमानस को दरकिनार कर दिया गया, जो लोगों को राजनीति के रसायन से जोड़ता है। आज जो बदली हुई राजनीति हमारे सामने है और जो कांग्रेस को एक के बाद एक नाकामियां दे रही है, उसकी शुरुआत भी वहीं कहीं से होती है।



लेकिन थोड़ा आगे बढ़कर देखें, तो जो भारत की राजनीति में हुआ है, वह बाकी दुनिया में भी कई जगह होता दिखता है। अमेरिका के एक मशहूर उदारवादी विचारक फ्रांसिस फुकुयामा इसे लेकर काफी चिंतित रहे हैं कि जो उदारपंथ लोगों को जीवन के अधिकार और तरक्की की जमीन देता है, वह अचानक खलनायक क्यों बन गया है? क्यों उदारवादी चुनाव दर चुनाव हारते जा रहे हैं? और सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हर जगह एक उग्र किस्म का दक्षिणपंथ क्यों पैर जमाता जा रहा है?

पिछले दिनों फुकुयामा ने एक लंबा लेख लिखा, जिसमें वह इस नतीजे पर पहुंचे कि इस दुर्गति का कारण सिर्फ यह है कि उदारपंथियों ने उस राष्ट्रवाद का दामन छोड़ दिया, जिससे उनका बैर न था। वे अंतरराष्ट्रीयता के चक्कर में पड़ गए, जबकि उन्हें जो भी करना था, वह राष्ट्र की सीमाओं के भीतर ही करना था और उन्हीं उपकरणों से करना था, जो किसी राष्ट्र की संपत्ति होते हैं। लोगों को राष्ट्रवाद चाहिए था और आप उन्हें तमाम दूसरी चीजें देकर अपना कर्तव्य पूरा मानते रहे। नतीजा यह हुआ कि दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद को लपककर मुख्यधारा पर छा गए और उदारपंथी किनारे कर दिए गए। शायद यही वह सिलसिला है, जिसने अमेरिका को ट्रंप काल दिया और रूस को पुतिन युग। आज जिस यूक्रेन से रूस युद्ध में उलझा हुआ है, वहां भी ऐसी ही राजनीति चल चुकी है। फिनलैंड में, पोलैंड में, पूरे पूर्वी यूरोप में कोई इस रुझान से बचा नहीं है। पश्चिम यूरोप में तो यूरोपीय संघ के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रहा है। अगर आर्थिक अंदेशे बहुत बड़े न होते, तो कई देश कबके इससे बाहर आ गए होते। और ब्रिटेन तो खैर तमाम खतरों को मोल लेता हुआ इससे बाहर आ ही गया। इन देशों में जिस तरह की राजनीति चल रही है और जिस तरह की सरकारें बन रही हैं, वह भी यही कहानी कहती है। फ्रांस में इमैनुएल मैक्रों चुनाव जीतने में भले ही कामयाब रहे हों, लेकिन उनके मुल्क की राजनीतिक फिजा भी काफी बदल चुकी है। इटली, ग्रीस, स्पेन आप कहीं भी इसकी छाप देख सकते हैं। पश्चिमी दुनिया से बाहर निकलें, तो तकरीबन यही तुर्की में भी दिख जाएगा और मिस्र में भी। यहां उन देशों का जिक्र जरूरी नहीं है, जिन पर राजनीतिक उदारवाद की छाया कभी नहीं पड़ी थी। लेकिन जिन पर पड़ी थी, उन्हें अब उल्टी दिशा ही सुहा रही है।

दुनिया उदारवाद की उंगली छोड़कर दक्षिणपंथी जुनून के साथ क्यों चली जा रही है, इस पर पिछले कुछ साल में कई विश्लेषण हुए हैं। बहुत से कारण बताए गए हैं और कई नुस्खे भी सुझाए गए हैं। ज्यादातर विश्लेषण यही कहते हैं कि तमाम अधिकार पाने के बाद हर जगह नागरिकों की अपेक्षाएं जिस तरह से बढ़ी हैं, उदारवादी राजनीतिक दल उस तरह से उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके, इसलिए उन्हें नमस्कार कर देने का चलन शुरू हो गया। दक्षिणपंथी लोगों की उम्मीदों पर खरे उतर पाएंगे या नहीं, फिलहाल इस पर बात करने का वक्त नहीं आया है। लेकिन दुनिया भर के दक्षिणपंथ ने ऐसी मिथकावली जरूर तैयार कर ली है, जिसमें लोगों को लंबे समय तक उलझाए रखा जा सकता है।

लेकिन फुकुयामा ऐसे तमाम विश्लेषणों से अलग राष्ट्रवाद से मुंह मोड़ लेने को ही इसका मुख्य कारण मान रहे हैं। इसलिए वह जो इलाज बता रहे हैं, वह बस इतना भर है कि राष्ट्रवाद को फिर से गले लगाइए, इससे राजनीति भी बदलेगी और उदारवाद के दिन भी बहुरेंगे। उदयपुर के चिंतन शिविर से निकली कांग्रेस की सोच भी ठीक यही कहती है। अगर इस निदान को सही मान भी लिया जाए, तो क्या इतने से बात बन जाएगी?

भारत में कांग्रेस से या बहुत सारे देशों में उदारवादी दलों से लोगों का मोहभंग रातोंरात नहीं हुआ। यह लम्हों की किसी खता का नतीजा कतई नहीं है। दरअसल, इसमें दशकों का लंबा समय लगा है। इसलिए वापस उस स्थिति में पहुंचने का काम भी काफी लंबा समय लेगा। कम से कम इसके भरोसे अगले चुनाव की रणनीति तो नहीं बनाई जा सकती। फिर अगर आप राष्ट्रवाद को दिल में बसा लें, तब भी आपका मुकाबला उनसे है, जिन्होंने राष्ट्रवाद को या तो माथे पर सजा रखा है या फिर कंधे पर चढ़ा रखा है। आपको यह काम उस दौर में करना है, जब लोगों ने राजनेताओं पर सहज ही विश्वास करना छोड़ दिया है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

सद्गुरु जग्गी वासुदेव, प्रसिद्ध धर्मगुरु

# मिट्टी इतनी खराब कि सुधारने में लग जाएंगे तीस साल

मिट्टी का खराब होना एक वैश्विक घटना है। दुनिया की आधी ऊपरी मिट्टी नष्ट हो चुकी है। एक सामान्य कृषि-भूमि में न्यूनतम जैविक तत्व 3-6 प्रतिशत होने चाहिए, लेकिन दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में यह एक प्रतिशत से भी बहुत नीचे है। उत्तरी यूरोप में औसत जैविक तत्व 1.48 प्रतिशत है, दक्षिण यूरोप में 1.2 प्रतिशत, अमेरिका में 1.3 प्रतिशत, भारत में 0.68 प्रतिशत और अफ्रीका में 0.3 प्रतिशत है। इसका यह मतलब है कि धरती पर ज्यादातर कृषि-भूमि मरुस्थलीकरण की ओर बढ़ रही है। जब बात जैवविविधता और मिट्टी की आती है, तो राष्ट्रीय सीमाओं के कोई मायने नहीं होते हैं। इसे वैश्विक स्तर पर संभालना होगा। अगर इस धरती पर जीवन के प्रति हमारी कोई प्रतिबद्धता है, अगर इस धरती पर भावी पीढ़ियों के लिए हमारी कोई प्रतिबद्धता है, तो हर देश के लिए यह करना जरूरी है। पहली और सबसे महत्वपूर्ण चीज है, हर देश की नीतियों में मिट्टी और पर्यावरण के पुनरोद्धार को सम्मान देना।

अभी 'जागरूक धरती-मिट्टी बचाओ अभियान' का लक्ष्य एक वैश्विक नीति लाना है कि कृषि-भूमि में कम से कम 3-6 प्रतिशत जैविक तत्व होने चाहिए। हर कोई जानता है कि ऐसा होने की जरूरत है, पर समस्या यह है कि लोगों ने आवाज नहीं उठाई है। फिलहाल, दुनिया में 5.26 अरब लोग लोकतांत्रिक देशों में रहते हैं, यानी उन्हें वोट देने और अपनी सरकार चुनने का अधिकार है। लोकतंत्र का अर्थ है, लोगों का शासन, पर अभी लोगों ने अपने जीवन के दीर्घकालीन हितों को अभिव्यक्त नहीं किया है।



मिट्टी को पुनर्जीवित करना 15-20 साल की एक प्रक्रिया है, तो ज्यादातर नेताओं की इसमें रुचि नहीं है, क्योंकि उनका कार्यकाल सिर्फ 4-5 साल का होता है। अगर लोग ही सरकार से नहीं कहेंगे, तो सरकारें दीर्घकालिक निवेश कैसे करेंगी? इसी कारण मिट्टी बचाओ अभियान दुनिया भर में कम से कम 3.5 अरब लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है, ताकि सारे राजनीतिक दलों और सरकारों पर दीर्घकालिक मिट्टी पुनरोद्धार नीतियां बनाने के लिए जोर डाला जा सके।

अभियान के एक हिस्से के रूप में मैं लंदन से दक्षिण भारत तक 30,000 किलोमीटर की 100 दिनी यात्रा पर मोटरसाइकिल से अकेले कर रहा हूं। रास्ते में अनेक राष्ट्राध्यक्षों, कृषि एवं पर्यावरण मंत्रियों, प्रभावशाली लोगों और प्रसिद्ध हस्तियों से मुलाकात करता चलूंगा। हमने एक आम नीति दस्तावेज भी तैयार किया है। हमने दुनिया में 730 राजनीतिक दलों से कहा है कि आप अपने घोषणापत्र में मिट्टी पुनरोद्धार विषय को शामिल करें।

मिट्टी के लिए लोगों को आगे आना होगा। लोकतंत्र में लोगों की आवाज सबसे महत्वपूर्ण होती है। जरूरी नहीं कि हर कोई मिट्टी के संरक्षण में जुट जाए, हर किसी को केवल अपनी आवाज बुलंद करनी है।

अपनी सरकारों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कीजिए। ट्विटर, फेसबुक, टेलीग्राम या आपके पास जो भी उपकरण हो। उस पर हर दिन 5-10 मिनट लगाइए और मिट्टी के बारे में कुछ कहिए। अगर हम 3.5 अरब लोगों को भी इन 100 दिनों के दौरान मिट्टी के बारे में बोलने के लिए प्रेरित कर सकें, तो धरती की कोई सरकार अनदेखी नहीं कर सकेगी।

मिट्टी के लिए लोग जागने लगे हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि हमने आसानी से 1.3 अरब लोगों से संपर्क कर लिया है। सात से ज्यादा देश इस अभियान के साथ जुड़ गए हैं और अनेक देशों के साथ बातचीत जारी है। समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। राष्ट्रमंडल के 54 देशों ने अभियान में साथ देने का आश्वासन दिया है। संयुक्त राष्ट्र की अनेक संस्थाएं हमारे साथ भागीदारी कर रही हैं। मरुस्थलीकरण रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सभा, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन ऑफ नेचर जैसी संस्थाएं सक्रिय हो गई हैं। अनेक संस्थाएं मिट्टी बचाओ अभियान के साथ अब मजबूत भागीदार हैं। हमें बिल्कुल आश्वस्त रहना चाहिए कि हमें सफलता मिलेगी। जागने के साथ ही जल्दी पहल करने की जरूरत है। अगर हम अभी ठोस पहल करते हैं, तो अगले 25-30 साल में हम मिट्टी में काफी सुधार ला सकते हैं। ध्यान रहे, अगर हम पहल 50 साल बाद करते हैं, तो फिर मिट्टी को ठीक करने में 100-150 साल लग जाएंगे। इसका मतलब है कि चार या पांच पीढ़ियां मिट्टी की कमजोर स्थिति के चलते भयंकर जीवन स्थितियों से गुजरेंगी। कुछ लोगों के प्रयास से हमें सफलता नहीं मिलेगी। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि मिट्टी की ताकत लौटाने के लिए हम इस अभियान को बड़ा बनाएं, ताकि पृथ्वी प्राकृतिक रूप से ज्यादा सशक्त हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





आग हो या
शोला, जब भी
मिलते हो लिपट
जाते है, प्यार
बनकर बाहों में।

-अंजली जैन
7024460938

डा. रवीन्द्र अरजरिया

# भविष्य की आहट, राष्ट्रप्रेम की डींगों का धरातली आईना

दुनिया के सामने मातृभूमि की छवि धूमिल करने की एक कोशिश गोरों की धरती पर फिर हो रही है। लंदन के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में आइडियाज फार इंडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। यूं तो कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी गुलामी के दौर से ही भारत के विरुध्द वहां पढने वाले भारतवासियों की मानसिकता परिपक्क करने का काम करती रही है। हमारे देश के अधिकांश सम्पन्न लोगों की संतानें खोखले इस्टेटस का मुखौटा ओढकर इसी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेती हैं। इतिहास गवाह है कि स्वाधीनता के पहले देश में गुलामी के विरुध्द बिगुल फूकने वालों पर गोरों ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के तत्कालीन छात्रों को ही नेता बनाकर देश पर थोपा था। वास्तविक क्रांतिकारियों को प्रताडना, जेल और फांसी दी जाती रही और थोपे गये नेताओं को महात्व, सम्मान और उपाधियां। राष्टवादी विचारधारा पर पश्चिमी सोच का अतिक्रमण कराया जाता रहा। देश के अपराधियों एवं भगोडों की सुरक्षित शरणगाह के रूप में आज भी लंदन पहली पसन्द है। इसी यूनिवर्सिटी में आइडियाज फार इंडिया सम्मेलन आयोजित करके देश के बढते कद पर कुठाराघात करने का षडयंत्र रचा गया। सम्मेलन में राहुल गांधी के अलावा सीताराम येचुरी, सलमान खुर्शीद, तेजस्वी यादव, महुआ मोइत्रा और मनोज झा सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने भागीदारी दर्ज की। राहुल गांधी ने विदेश में अपने देश की छवि को तार-तार करने में कोई कसर नहीं छोडी। उन्होंने कहा कि भारत के हालात ठीक नहीं हैं, बीजेपी ने चारों तरफ केरोसिन छिडक रखा है। इससे भी दो कदम आगे बढकर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भारत को फिर से हासिल करने के लिए लड रही है। यानी पुन- देश पर वर्चस्व कायम करके मनमानी चाहती है। वहीं चीन के साथ तनातनी को राहुल गांधी ने रूस-यूक्रेन युध्द से जोडा तथा भारत में पाकिस्तान जैसे हालातों से तुलना तक कर दी। क्या राहुल गांधी चीन को रूस बनकर यूक्रेन की तरह भारत पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं या फिर पाकिस्तान को बता रहे हैं कि हमारे देश के हालत आपसे ज्यादा बेहतर नहीं हैं, यहा मौका है जब भारत पर शिकंजा कसा जा सकता है। विदेशों में जाकर अपनी धरती के हालातों की शरारत पूर्ण व्याख्या करने के पीछे किसी को खुश करने की मंशा तो नहीं है, ऐसी अनेक संभावनायें चौपालों से चौराहों तक कही-सुनी जा रहीं हैं। भारत का नागरिक विदेश में केवल और केवल भारतीय ही होता है, भारत माता का लाल होता है, अपनी धरती का लाडला होता है। ऐसा नागरिक अपने घर के अन्दर चल रही आपसी वैमनुष्यता को सडक पर उजागर नहीं करता। प्रश्न उठता है कि गोरों के षडयंत्र में फंसकर इक्कीस वीं सदी के ये पढे-लिखे लोग राष्ट की निरंतर शिरोन्मुख होती छवि को आखिर कहां ले जाना चाहते हैं? वर्तमान में दुनिया के ज्यादातर देश भारत के विकास को आदर्श मानकर अंगीकार कर रहे हैं वहीं देश के चन्द लोग गला फाड-फाडकर मनमाने वक्तव्य जारी कर रहे हैं।





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239


























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने राजा राममोहन राय की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय सामाजिक-धार्मिक पुनर्जागरण के अग्रदूत और विचारक राजा राममोहन राय की 22 मई को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि राजा राम मोहन राय भारतीय समाज की रूढ़ियों और सामाजिक कुरीतियों के मुखर विरोध और उल्लेखनीय सुधार के लिए जाने जाते हैं। समाज में प्रचलित सती प्रथा, बाल विवाह, बहुविवाह जैसी कुरीतियों का उन्होंने विरोध किया और बहुत हद तक इसे रोकने में सफलता हासिल की। उन्होंने समाज में महिलाओं की दशा सुधारने के लिए उन्हें शिक्षित बनाने पर जोर दिया। श्री बघेल ने कहा कि कुरीतियां विकास में बाधक बनती हैं। देश और समाज को आगे बढ़ाने के लिए राजा राममोहन राय जैसे उदारवादी दृष्टिकोण की जरूरत है।

### मनगांव में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**कोरबा ।** थाना कुसमुण्डा पुलिस पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल द्वारा गांव-गांव में जाकर लोगो वर्तमान में हो रहे अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी देने व अमजनों का समस्यों जानना व त्वरित निराकरण के दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक दर्री लितेश सिंह के मार्गदर्शन पर 20 मई 2022 को चलित थाना का आयोजन ग्राम मनगांव में किया गया जहां करीबन 50 की संख्या में आमजन उपस्थित रहे। चलित थाना के दौरान मनगांव के बच्चो, महिलाओं तथा आम नागरिको को कल के समय में होने वाले सायबर अपराध, मोबाईल से ठगी, एटीएम क्लोनिंग, बैकिंग फ्राड, चिट फंड कंपनियों के संबंध में सावधानियां व जागरूकता संबंधी जानकारी दिया गया तथा इस तरह के फ्रॉड से बचने के उपाय बताकर लोगो को जागरूग किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध घटित होने वाले अपराध छोटे बालक बालिकाओं के साथ घटित होने वाले पॉक्सो के अपराध, मानव तस्करी, महिलाओं को आत्म सुरक्षा कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले अनैच्छिक बर्ताव आदि विषय पर विशेष आवश्यक जानकारी दी गयी।

### विधायक ने बांधा तालाब सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 9 में स्थित बांधा तालाब का सुंदरीकरण एवं गहरीकरण कार्य लागत राशि 164.73 लाख का भूमिपूजन आज क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रोजेक्ट को लेकर विधायक शुरू से ही प्रयासरत थी। विधायक महोदया का यह नगर के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट था। इस प्रोजेक्ट को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय निकाय मंत्री डॉ.शिव डहरिया से चर्चा किए तब जाकर आज 164.73 लाख रुपए की स्वीकृति मिली। नगरी नगर के जनता के सपनों में से एक है जिसे शासन से स्वीकृति मिलने के पश्चात तत्काल कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पंचायत नगरी में बाधा तालाब का सुंदरीकरण होने पर यहां के आम जनता शेयर करने हेतु अच्छी स्थान के साथ-साथ स्वच्छ जल चौपाटी नौकायान एवं गार्डन के रूप में लाभ मिलेगा। विधायक महोदया के नेतृत्व में विकास कार्य धीरे धीरे स्वरूप लेते जा रहा है जिससे आम जनता को बुनियादी सुविधा का लाभ मिलने लगा है। माता तालाब का कार्य प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है तथा आम नागरिकों ने विधायक को स्ट्रीट लाइट एवं तालाब सौंदर्यीकरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए।

# मंत्री मोहम्मद अकबर ने धनौरा में पटेल समाज और पंडरिया में सतनामी समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

### छत्तीसगढ़ सरकार सभी समाज के बेहतरी के लिए कर रही है काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम धनौरा में पटेल समाज के 6 लाख 50 हजार रुपए और पंडरिया में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित सतनामी समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने सामाजिक भवन निर्माण के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।



मंत्री अकबर ने कहा कि प्रत्येक समाज का सामाजिक भवन होना चाहिए। सामाजिक भवन होने से समाज के नागरिकों को विभिन्न आयोजनों के सुविधा होती है। मंत्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। सभी समाज के लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिले, सरकार इसके लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जनता से की अपने वायदे को पूरा किया है। धान खरीदी हमारी प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तीन वर्षों से किसानों से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी कर रहें है।

मंत्री अकबर ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं समूह से जुड़ी महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। उन्होंने किसानों से कहा की सभी के खाते में आज राशि पहुंच गई है।

गोबर बेचने वाले सभी लोगों के खाते में भी राशि हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक जिनके पास जमीन नहीं है जो खेती किसानी कर मजदूरी करते है उनके लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत शासन साल में 7 हजार रुपया प्रतिवर्ष उनके खाते में देगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को वर्षों से बकाया कृषि ऋण और सिंचाई कर माफ किया है। सबके लिए राशन कार्ड बनाना शासन की प्राथमिकता है। इससे कोई भी वंचित नहीं रहेगा उन्होने राशन कार्ड बनाने से छूटे लोगों से आवेदन देने का आग्रह किया ताकि शासन द्वारा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार राशन कार्ड बनाकर दिया जा सके। इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, जनपद पंचायत बोड़ला अध्यक्ष, श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम कलीम खान, महेश चंद्रवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान, श्रीमती लीला धनुक वर्मा, श्रीमती रामकली हंसराम धुर्वे, नवीन जायसवाल, राधेलाल भास्कर, भीषण तिवारी, सनत जायसवाल, अशोक सिंह, मनीष शर्मा, घनश्याम साहू, लेखा राजपुत सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सुरक्षित आवागमन के लिए बांस पर रेडियम का इंतजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा ।सुरक्षित आवागमन के लिए जिले में काम करने की योजना तैयार की गई है। अलग-अलग स्तर पर इसमें काम होना है। तय किया गया है कि हसदेव नदी पर तैयार किये गए नए पुल से पहले नहर के समानांतर सड़क पर सुरक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी।



फिलहाल बांस पर रेडियम का इंतजाम किया गया है लेकिन यह अपर्याप्त माना जा रहा है। मौके पर स्टील के गार्डरेल लगाए जाएंगे। पखवाड़े भर के भीतर इस काम को कर लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सेतु निगम के द्वारा 22 करोड़ की लागत से हसदेव नदी पर राताखार के आगे पुल का निर्माण पांच वर्ष पहले कराया गया था जिस पर अब आवाजाही सामान्य हो गई है। दर्री क्षेत्र में हसदेव बरॉज पुल की दुर्दशा और उसे सुधार कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग ने अगले आदेश तक के लिए बंद करा दिया है। ऐसे में किसी भी दिशा के लिए आना-जाना करने वाले वाहनों के द्वारा राताखार प्रगति नगर मार्ग का उपयोग किया जा रहा है। लंबे समय से नए पुल से कोरबा की तरफ वाले हिस्से की एप्रोच रोड समस्यामूलक बनी हुई थी। लगातार हो रही शिकायत और दबाव पडने के बाद जिला खनिज न्यास मद से इसका निर्माण करा लिया गया है। चकाचक सड़क बनने के कारण अब यहां वाहन फर्राटे भर रहे हैं। सड़क के दूसरी तरफ हसदेव बांयी तट नहर मौजूद है। कई मौके पर यहां हादसे हो चुके हैं और आगे भी आशंका बनी हुई है। इसलिए सुरक्षा के वैकल्पिक प्रयास करते हुए लंबी दूरी में सड़क और नहर के किनारे पर बांस खड़े किये गए हैं और इस पर रेडियम लगाए गए हैं ताकि खासतौर पर रात्रिकाल में वाहन चालकों को मौके की जानकारी हो सके।

# प्रत्येक विकासखंड और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति अधिक रूची पैदा करने और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, प्रदेश में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता-2022 का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। यह खेल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के लिए सब जूनियर एवं जूनियर कैटेगरी में आयोजित होगी। संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट और व्यक्तिगत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मीटर), बैडमिंटन एवं कुश्ती खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट सहित दो छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल तथा व्यक्तिगत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मीटर), बैडमिंटन एवं कुश्ती सहित दो छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# मुख्यमंत्री दंतेश्वरी माई को अर्पित करेंगे 11 हजार मीटर की चुनरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर अंचल में भेंट-मुलाकात के दौरान 23 मई को दंतेवाड़ा पहुंचेंगे और वहां प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर में दंतेश्वरी माई का दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री दंतेश्वरी माई को 11 हजार मीटर लम्बी चुनरी भी अर्पित करेंगे। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिले के डैनेक्स नवा गारमेन्ट फैक्ट्ररी में कार्यरत महिलाओं ने इस चुनरी को तैयार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन की पहल पर दंतेवाड़ा में शुरू किए गए डैनेक्स नवा गारमेन्ट फैक्ट्री में 300 कार्यरत महिलाओं ने भक्ति भाव और उत्साह से दंतेश्वरी माई के लिए 11 हजार मीटर की चुनरी तैयार की है।

इसे बनाने में महिलाओं को लगभग एक हफ्ते का समय लगा है। डैनेक्स की महिलाओं द्वारा तैयार की गई चुनरी जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने माई दंतेश्वरी मंदिर से भैरमबाबा मंदिर होते हुए कतियारास से लेकर परिभ्रमण किया। इससे पूरा मंदिर परिसर और आपपास का क्षेत्र जय माँ दंतेश्वरी की जयकारा से गूंज उठा।

कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधायक श्रीमती देवती महेन्द्र कर्मा, छत्तीसगढ़ पादप बोर्ड उपाध्यक्ष छबिन्द्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सु तुलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सु सुलोचना कर्मा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उत्साह के साथ शामिल हुए।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 20 मई, 2022 को मानव संसाधन विकास विभाग के प्रथम तल सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में अनिर्बान दासगुप्ता, निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अध्यक्ष, नराकास, भिलाई-दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) के के सिंह उपस्थित रहे।

समारोह में सदस्य संस्थानों के प्रमुखगण, हिंदी अधिकारी, नराकास स्तरीय कवि गोष्ठी के कविगण, विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक एवं पुरस्कार विजेता सम्मिलित हुए।



मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हर दिन हिंदी दिवस होना चाहिए। आज सूचना प्रौद्योगिकी युग में तुरंत कंप्यूटर पर सब सामग्री उपलब्ध हो जाती हैं, पहले जैसी बाधाएँ नहीं हैं। हमें चाहिए कि कार्यों को सुगम बनाने के लिए सरल हिंदी का प्रयोग करें तथा सूचना प्रद्योगिकी की सहायता से हिंदी में समस्त कार्य करें। हमें राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों का पालन करना चाहिए ताकि नराकास को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले।

विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) के के सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी सदस्य संस्थान अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। हिंदी के लिए शपथ दिलाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। हम सभी स्वत:स्फूर्त रूप से हिंदी में कार्य करें। हिंदी के लिए जिद करने की आवश्यकता है। हिंदी के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करना है, तभी हिंदी को उसका गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त होगा।

समारोह में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल द्वारा नराकास भिलाई-दुर्ग को वर्ष 2017-18 के लिए प्राप्त मध्य क्षेत्रीय प्रथम पुरस्कार एवं 2018-19 के लिए प्राप्त तृतीय पुरस्कार का स्मृति चिह्न तथा नराकास भिलाई-दुर्ग की गृह पत्रिका 'महानदी' सभी सदस्य संस्थानों को भेंट की गई। भाषण प्रतियोगिता के विजेता, नराकास स्तरीय कवि गोष्ठी के प्रतिभागीगण, नराकास मूल्यांकन उप समिति के सदस्यगणों को पुरस्कृत किया गया। आरोहण पुरस्कार, ध्वजवाहक पुरस्कार, अग्रदूत पुरस्कार, अग्रगण्य पुरस्कार, 'राजभाषा शिखर पुरस्कार', 'राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान' तथा 'राजभाषा उन्नायक सम्मान' वितरीत किये गये।

### कई गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से की चर्चा, योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली

# मंत्री सिंहदेव ने 6.08 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के कई गांवों का भ्रमण कर छह करोड़ आठ लाख रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम कुदरबसवार में रेन्ड नदी पर मतरिंगा से मरैया रोड पर तीन करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से निर्मित 105 मीटर लंबे वृहद पुल का लोकार्पण किया।



श्री सिंहदेव ने उदयपुर विकासखंड के नौ ग्राम पंचायतों में कुल एक करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से बनने वाले नए पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। ये नए पंचायत भवन सालका, मानपुर, खोंधला, करौंदी, डांड़गांव, परसा, सायर, घाटबर्रा एवं पेंडरखी में बनाए जाएंगे। प्रत्येक की लागत 18 लाख 30 हजार रूपए होगी। उन्होंने विधायक आदर्श ग्राम भकुरम में 46 लाख 40 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव ने ग्राम मुड़गांव, कुदरबसवार, ललाति एवं देवटिकरा में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने ग्रामीणों से पेयजल, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन वितरण, शिक्षा, रोजगार एवं ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इनसे संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। श्री सिंहदेव ने गांववालों की मांग पर वन अधिकार पत्र के दावों का पुन: परीक्षण कराकर नियमानुसार वन अधिकार पत्र जारी करने कहा। उन्होंने गांवों में खेती के लिए बीज वितरण, आयुष्मान कार्ड वितरण और सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित किए। छड़ी और चश्मा भी प्रदान किया।

### स्वास्थ्य शिविर में खुद कराई बीपी और शुगर की जांच

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने मुड़गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वयं के ब्लड-प्रेशर और शुगर की जांच कराई। उन्होंने ग्रामीणों को भी अपने बीपी और शुगर की जांच कराने कहा। उन्होंने अधिकारियों को गांवों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
Arhum Electronics
9926100315
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर



### बाटनिकल गार्डन में जल्द बनेगा कैक्टस पार्कः इसमें देशभर में पाई जाने वाली प्रजातियां शामिल होंगी

**रायपुर ( ए )।** नवा रायपुर के जंगल सफारी स्थित बाटनिकल गार्डन में जल्द ही कैक्टस की बेशुमार प्रजातियां देखने को मिलेंगी। यहां कैक्टस पार्क बनाया जा रहा है। इसमें देशभर में पाई जाने वाली प्रजातियां शामिल होंगी। अभी खुले में उगने वाले कैक्टस लगाए जाएंगे। इसके बाद पॉली हाउस और ग्रीन हाउस में उगने वाले कैक्टस भी लगाए जाएंगे। यह पार्क साढ़े चार एकड़ में बनाया जाएगा। इसके लिए दो टीलों का चयन किया गया है।

#### टीलों में लगेंगे पौधे

छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी बोर्ड के सदस्य सचिव अरुण पांडे ने बताया कि कैक्टस जिन छोटे-छोटे टीलों में लगाए जाने हैं, अभी उनकी साफ सफाई चल रही है क्योंकि वहां गैर जरूरी झाड़ियां हैं। गड्ढे भरे जा रहे हैं और ऊबड़-खाबड़ जमीन को समतल किया जा रहा है। कैक्टस पार्क के अलावा यहां बांस, फाइकस और पाम प्रजाति के पेड़ों के भी अलग-अलग खंड बनाए जाएंगे। 10 एकड़ में बांस का जंगल लगाया जाएगा। 60 प्रजाति के बांस केरल की वायनाड नर्सरी से लाई जा चुकी है। इनमें असम, मेघालय, त्रिपुरा से लाई गई प्रजातियां शामिल हैं। 5 एकड़ जमीन में 50 तरह के फाइकस भी लगेंगे। इनमें नीम, पीपल, बरगद, डूमर आदि शामिल हैं। इसके अलावा सल्फी, खजूर, नारियल, ताड़, छीन और कुछ विदेशी प्रजातियां शामिल हैं। इन्हें बारिश में लगाया जाएगा। तालाब में बोटिंग की भी होगी।

### प्रत्येक विकासखंड और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता-2022 का आयोजन

**रायपुर।** राज्य के नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति अधिक रूची पैदा करने और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, प्रदेश में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता-2022 का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। यह खेल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के लिए सब जूनियर एवं जूनियर कैटेगरी में आयोजित होगी।

संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट और व्यक्तिगत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मीटर), बैडमिंटन एवं कुश्ती खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट सहित दो छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल तथा व्यक्तिगत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मीटर), बैडमिंटन एवं कुश्ती सहित दो छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। विजेता दल, खिलाड़ियों को पारितोषिक, प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री प्रदाय की जाएगी। अगले वित्तीय वर्ष से इन प्रतियोगिताओं में अधिक संख्या में खेलों में समाहित किया जाएगा और राज्य की विभिन्न खेल अधोसंरचनाओं का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ की जैव विविधता छत्तीसगढ़ का गौरव है : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### जैव विविधता के संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने उठाए अनेक कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जैव विविधता छत्तीसगढ़ का गौरव है। मुख्यमंत्री अपने निवास कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आयोजित 'परिचर्चा एवं पुरस्कार वितरण' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक कदम उठाये गए हैं। छत्तीसगढ़ में मनेंद्रगढ़ के निकट हसदेव नदी के तट पर समुद्री फॉसिल्स पाए गए हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के इस स्थान के संरक्षण के लिए अगले महीने से यहां गोंडवाना मेरिन फॉसिल्स पार्क का काम भी शुरु हो जाएगा। मुख्यमंत्री निवास में वन मंत्री मोहम्मद अकबर, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रुद्र कुमार, विधायक शैलेष पांडेय और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम प्रदेश के विभिन्न जिलों के वन विभाग के अधिकारी और विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जैव विविधता बोर्ड का गठन वर्ष 2006 में कर लिया गया था, लेकिन इसके काम को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 में इसका पुनर्गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जन जैव विविधता पंजी तैयार करने के काम में भी अच्छी प्रगति हुई है। गिधवा परसदा क्षेत्र में पक्षी जागरुकता एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है। जैव विविधता संरक्षण के कामों को गति देने के उद्देश्य से राज्य शासन ने दिसंबर 2021 में राज्य वेटलैंड अथॉरिटी को पुनर्गठित किया गया है। इसी तरह प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के 07 वैटलैंड की सर्वे रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। राज्य के वनक्षेत्रों के कई जिलों में प्रागैतिहासिक काल के भित्त-चित्र मिले हैं, इन्हें भी संरक्षित करने की योजना तैयार की जा रही है।

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण और संवर्धन पर्यावरण संतुलन के लिए भी बहुत आवश्यक है। इसके असंतुलन से बाढ़, सूखा, तूफान जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि गिधवा-परसदा में चिड़ियों के संरक्षण के लिए पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां देश-विदेश के 150 प्रकार के पक्षी आते हैं। श्री अकबर ने कहा कि राज्य के स्थानीय निकायों में 12 हजार 04 जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया जा चुका है। ग्राम पंचायतों में लगभग 4246 जन जैव विविधता पंजी तैयार हो चुकी है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों को गति मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में जागरूकता आएगी। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षण करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान जैव विविधता, पालतू पशुओं के संरक्षण, जैव सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं, व्यक्तियों एवं जैव प्रबंधन समितियों के लिए पुरस्कार घोषित किए। कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े वनमंडलाधिकारियों द्वारा सम्बन्धितों को पुरस्कृत किया। ये पुरस्कार वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं पालतू प्रजातियों के संरक्षण, जैव संसाधनों का पोषणीय उपयोग, सभ्यता संस्कृति एवं धरोहर से जैव विविधता संरक्षण तथा श्रेष्ठ जैव विविधता प्रबंधन समिति की श्रेणियों में दिए गए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वन विभाग द्वारा मनेंद्रगढ़ फॉसिल पार्क, रॉक आर्ट पर आधारित- प्रथम अभिव्यक्ति एवं प्रस्तावित पक्षी जागरुकता संबंधी तैयार किए गए लघु वृत्त चित्रों का लोकार्पण तथा जैव विविधता से संबंधित 06 किताबों का विमोचन किया।

कार्यक्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के सचिव अरूण कुमार पाण्डेय ने बोर्ड के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी संरक्षण) पी. व्ही. नरसिम्हा राव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव प्रेम कुमार भी उपस्थित थे। बीरबल साहनी पुरा विज्ञान संस्थान लखनऊ के विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार पिल्लई और शैल चित्र विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी दुबे पाठक भी कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ी।

### वनोपज के विक्रय मूल्य की 02 प्रतिशत राशि दी जाएगी स्थानीय जैव विविधता समितियों को

श्री बघेल ने कहा कि राज्य की जैव विविधता प्रबंधन समितियों को आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2020-21 से जैव विविधता संरक्षण हेतु नए बजट मद का सृजन किया गया है। इससे इन समितियों को हर वर्ष राशि उपलब्ध होगी। इसी तरह राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि किसी भी वनोपज के विक्रय मूल्य की 02 प्रतिशत राशि स्थानीय जैव विविधता समिति को दी जाए। केवल तेंदूपत्ता के विक्रय से प्रतिवर्ष लगभग 1000 करोड़ रुपए प्राप्त होते हैं। इस तरह जैव विविधता प्रबंधन समितियों को हर साल केवल तेंदूपत्ता से लगभग 20 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त होने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी के देवेन्द्र नगर चौक में 'दवाई का लंगर' नि:शुल्क दवाखाना का किया शुभारंभ

### शंकर नगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज के सौन्दर्यीकरण कार्य का भी किया लोकार्पण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के जोन क्रमांक-3 अंतर्गत शंकर नगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज के सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसका सौन्दर्यीकरण महापौर निधि से स्वीकृत 59 लाख 83 हजार रूपए की लागत राशि से किया गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान राजधानी के ही देवेन्द्र नगर चौक में छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष तथा विधायक उत्तर रायपुर कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के संयुक्त तत्वाधान में संचालित 'दवाई का लंगर' नि:शुल्क दवाखाना का भी शुभारंभ किया। इस 'दवाई का लंगर' नि:शुल्क दवाखाना में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क



चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में नागरिकों से भेंट-मुलाकात तथा चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर अंचल के साथ-साथ नगरों की सुव्यवस्थित तथा सुनियोजित विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। इस कड़ी में नगरीय निकायों में नागरिकों की सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने सौन्दर्यीकरण कार्य और 'दवाई का लंगर' नि:शुल्क दवाखाना के संचालन के लिए विधायक जुनेजा और महापौर ढेबर द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

राजधानी के शंकर नगर एक्सप्रेस-वे ब्रिज में सौन्दर्यीकरण कार्य- एसीपी एवं क्लेडिंग कार्य- एल्यूमिनियम फ्रेमिंग तथा एमएस पाईप कार्य, सिविल कार्य एवं लैंड स्कैपिंग कार्य- गार्डनिंग तथा टेक्सचर एवं पेंटिंग कार्य, विद्युतीकरण कार्य के अंतर्गत 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' एक्रेलिक एलईडी लाईट कार्य एवं एसीपी शीट के साथ फोटो एवं लाईटिंग कार्य किया गया है। इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर, विधायक डॉ. रश्मि आशीष सिंह, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, सभापति नगर पालिक निगम रायपुर प्रमोद दुबे सहित वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर और मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की सराहना



### जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास कार्यों पर लगाई गई है छायाचित्र प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुए विकास एवं उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि से हुआ है। यह प्रदर्शनी अगले एक महीने तक यह छायाचित्र प्रदर्शनी आम लोगों के लिए खुली रहेगी। राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। फोटो के साथ ही वीडियो के माध्यम से भी योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। विकास प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज रायपुर शहर के आम नागरिकों ने प्रर्दशनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना और मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की सराहना करते हुए आमजनों के लिए लाभकारी बताया। प्रदर्शनी में राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के विभिन्न जिलों में क्रियान्वयन की तस्वीरें अलग-अलग सेगमेंट में प्रदर्शित की गई हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, सुराजी गांव योजना, राम वन गमन पर्यटन परिपथ, भेंट-मुलाकात, छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन, वन अधिकार पत्र वितरण, वनोपज संग्रहण तथा राजीव युवा मितान क्लब योजना के क्रियान्वयन और प्रदेश के लोगों तक पहुंच रहे इनके लाभों को आकर्षक छायाचित्रों और फिल्मों के जरिए प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की तस्वीरों, अखबारों की क्लिपिंग्स और फिल्म के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

# छत्तीसगढ़ के सात जिलों समेत देशभर के 220 शहरों में एक ही समय पर निकली तिरंगा यात्रा

**रायपुर ( ए )।** खेल, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए देशभर के 220 शहरों में एक ही समय दोपहिया पर सवार होकर युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। छत्तीसगढ़ में डोगरगढ़ से लेकर जांजगीर, चांपा तक यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल युवा एक जिले से दूसरे जिले पहुंचे और खेलों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

क्रीड़ा भारती के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा का उद्देश्य एक साथ एक ही समय पर मां भारती की अर्चना, राष्ट्र की प्रदक्षिणा करना था। राजधानी में निकाली गई यात्रा की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी कविता दीक्षित और अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। यात्रा तेलीबांधा मरीन ड्राइन से निकलकर केनाल रोड, राजातालाब होते हुए खालसा स्कूल पहुंची।

छत्तीसगढ़ कराटे संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। यहां से यात्रा मेकाहारा चौक होते हुए फाफाडीह पहुंची। स्टेशन रोड एवं फाफाडीह के सामाजिक संस्थाओं पानी पाउच, छाछ का वितरण किया। इसके बाद खमतराई, बिरगांव, बंजारी मंदिर होते धनेली पहुंची। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रांत संयोजक अंजय शुक्ला ने स्वागत किया। तरपोंगी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंक राम वर्मा ने स्वागत किया। रायपुर जिले की यात्रा का समापन सिमगा में हुआ जहां अनिल पांडे के नेतृत्व में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

#### डोंगरगढ़ से जांजगीर-चांपा तक यात्रा

क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमीत उपाध्याय ने बताया कि सुबह 8.56 बजे हर जिले से एक साथ यात्रा निकाली गई। एक जिले के युवा दूसरे जिले में पहुंचे। इस तरह यात्रा छत्तीसगढ़ के सात जिलों से एक साथ निकाली गई। छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ से निकाली गई यात्रा राजनांदगांव पहुंची। इसी तरह राजनांदगांव की यात्रा दुर्ग पहुंची। दुर्ग से निकाली गई यात्रा रायपुर पहुंची। रायपुर से निकाली गई यात्रा सिमगा पहुंची। यह क्रम अनेक शहरों से होते हुए जांजगीर-चांपा तक चला। यात्रा से पहले भारत माता का पूजन कर राष्ट्रगान किया। यात्रा में क्रीड़ा भारती के की महिला प्रमुख हर्षा साहू, प्रांत संयोजक छगन लाल सोनवानी, महानगर सहमंत्री वीरेंद्र देशमुख, महानगर कोषाध्यक्ष प्रांजल श्रीवास्तव, महानगर महिला प्रमुख डोमेश्वरी साहू, कार्यालय प्रमुख सतीश यादव, महानगर प्रशिक्षण प्रमुख राजा दुबे, सह संपर्क प्रमुख भूषण साहू, जगदीश चौधरी, सौरभ अग्रवाल, भूपेश पुष्पकार, रोमन पटेल, राकेश ठाकुर, पुरुषोत्तम पांडे, भरत बुंदेल, रविकांत मंडोरे, वेटलिफ्टर अजयदीप सारंग, अमन यादव, विशाल हयाल आदि शामिल हुए।

# धर्म की रक्षा करने साधु, संतों का शंखनाद, हर जिले में गुरुकुल की स्थापना

**रायपुर ( ए )।** साधु, संतों ने धर्म की रक्षा करने के लिए प्रत्येक हिंदू के मन में धर्म की अलख जगाने का शंखनाद किया। हर जिले में गुरुकुल की स्थापना करने और शास्त्र, शस्त्र की शिक्षा देने तथा मतांतरण रोकने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। साधु, संतों ने एलान किया कि अब हिंदू चुप नहीं बैठेगा और धर्म के प्रति जनजागरुकता फैलाने के लिए प्रयास किया जाएगा। सनातन संस्कृति के खिलाफ साजिश रचने वालों को सबक सिखाया जाएगा।

नीलकंठ सेवा संस्थान के नेतृत्व में वृंदावन हाल में आयोजित संकल्प धर्म सभा में 12 बिंदुओं पर कार्य करने का संकल्प लिया। शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिरलाल ने मंच से संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर महंत सर्वेश्वर दास, पाटेश्वर धाम के रामबालक दास, सुरेश्वर महादेवपीठ के महामंडलेश्वर स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती, नृसिंह मंदिर के महंत देवदास समेत अनेक महंतों ने सनातन संस्कृति का महत्व बताते हुए युवाओं को जागरूक करने अभियान चलाने पर जोर दिया।

संकल्प सभा में मौजूद युवाओं ने संतों से सवाल किया कि सालों से हिंदू धर्म के लोगों पर अत्याचार हो रहा है। मंदिर तोड़े जा रहे हैं, लालच देकर निर्धन हिंदुओं का मतांतरण किया जा रहा है। इस पर रोक कैसे लगाई जाए। युवाओं के सवालों पर संतों ने आश्वस्त किया कि जनजागरुकता अभियान चलाकर युवाओं को धर्म की रक्षा करने के लिए जोड़ा जाएगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















### गर्मी के मौसम में बढ़ जाती है यह गंभीर समस्या

# ऐसे लक्षणों को लेकर बरतें विशेष सावधानी

**गर्मी के इस मौसम में सेहत से संबंधित कई तरह की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन, ऐसी ही एक समस्या है जिससे अक्सर लोग परेशान देखे जाते हैं। शरीर में पानी की मात्रा बहुत अधिक या कम होने के कारण इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो सकता है, इस मौसम में डिहाइड्रेशन या पानी की कमी के कारण यह समस्या सबसे अधिक देखी जाती है।**



इलेक्ट्रोलाइट एक प्रकार के खनिज होते हैं जिनकी शरीर को काम करते रहने के लिए निरंतर आवश्यकता होती है। शरीर में पानी के संतुलन को बनाए रखने, कोशिकाओं में पोषक तत्वों को पहुंचाने, अपशिष्ट उत्पादों को बाहर निकालने, तंत्रिकाओं को सिग्नल भेजने में मदद करने, मांसपेशियों को आराम देने और मस्तिष्क तथा हृदय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने में इनकी विशेष भूमिका होती है।

सोडियम,पोटैशियम,कैल्शियम,मैग्नीशियम,फास्फेट,क्लोराइड जैसे तत्व इलेक्ट्रोलाइट्स को व्यवस्थित रखने में सहायक माने जाते हैं। इन पोषक तत्वों में होने वाले असंतुलन की स्थिति में शरीर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। सभी लोगों को इनके लक्षणों पर विशेष ध्यान देते रहने की आवश्यकता होती है।

### इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन क्यों होता है?

मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन तब हो सकता है जब व्यक्ति के शरीर में पानी का मात्रा बहुत कम हो जाती है। इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन या पानी की कमी के कई कारण हो सकते हैं। उल्टी-दस्त होना, पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ न लेना, बहुत ज़्यादा पसीना आना, मूत्रवर्धक दवाओं का सेवन, किडनी या लिवर की बीमारी वाले लोगों में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन होने का खतरा अधिक होता है। गर्मी के इस मौसम में सभी लोगों को इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के लक्षणों को लेकर विशेष ध्यान देते रहना चाहिए।

### इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के लक्षण

हल्के स्तर के इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की स्थिति में वैसे तो ज्यादा लक्षण नहीं दिखाई देते हैं, हालांकि समस्या बढ़ने पर इसके कुछ संकेत नजर आ सकते हैं। कुछ स्थितियों में रक्त परीक्षण के बिना इस समस्या का पता भी नहीं चल पाता है। समस्या बढ़ने के साथ इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण दिल की धड़कन में अनियमितता, थकान-सुस्ती, जी मिचलाना-उल्टी, दस्त या कब्ज और पेट में ऐंठन की समस्या हो सकती है। ऐसे लक्षण अगर बने रहते हैं तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लें।


### इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन को कैसे ठीक किया जाता है?


इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन का पता चलने पर डॉक्टर आपकी स्थिति की गंभीरता के आधार पर इलाज की प्रक्रिया को प्रयोग में लाते हैं। सामान्यतौर पर, शरीर में खनिजों की कमी को दूर करने के लिए इंट्रावेनस फ्लूइड और लक्षणों को कम करने के लिए कुछ और दवाइयों को प्रयोग में लाया जा सकता है। हल्के स्तर की समस्या, कुछ सामान्य से उपचार के साथ ठीक की जा सकती है।

### इलेक्ट्रोलाइट की कमी से बचने के तरीके

इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की समस्या से बचे रहने के लिए या फिर यदि आपको हल्के स्तर के लक्षण हैं तो पानी और तरल पदार्थों की मात्रा को बढ़ाना सबसे सहज तरीक है। हालांकि तरल पदार्थों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स या कोल्ड ड्रिक्स के सेवन से बचना चाहिए। इसके लिए ओआरएस या चीनी-नमक पानी के घोल का दिन में कई बार सेवन करना आपके लिए विशेष फायदेमंद हो सकता है। कुछ स्थितियों में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण गंभीर और जानलेवा समस्या भी हो सकती है। ऐसे में तुरंत किसी डॉक्टर से सलाह लेना आवश्यक हो जाता है।

# पायल रोहतगी ने सोशल मीडिया पर उड़ाया कंगना रनोट की फिल्म का मजाक, बोलीं-सब कर्मों का फल है





लॉकअप फेम पायल रोहतगी ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए कंगना रनोट की हालिया रिलीज फिल्म 'धाकड़' की खराब ओपनिंग का मजाक उड़ाया है। दरअसल हाल ही में पायल इस फिल्म के प्रीमियर में पहुंची थीं, लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि वहां पर कंगना ने उनके साथ बहुत खराब व्यवहार किया था।

### पायल ने सोशल मीडिया पर की नाराजगी जाहिर


पायल ने कंगना की फिल्म का मजाक उड़ाते हुए कहा, दुखद, सब कर्मों का फल है। जिसको 18 लाख वोट मिले, न उसने फिल्म का प्रमोशन किया न उसके वो नकली वोटर्स फिल्म देखने आए। सीता मां पर फिल्म बनाने वाली हैं और उसमें सीता मां का मजाक उड़ाने वाले को शायद रोल भी देंगी क्योंकि उसे समाज को अपनी ऑब्जेक्टिविटी दिखानी है।

### कंगना ने किया पायल के साथ बुरा व्यवहार

पायल से हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान पूछा गया था कि क्या फिल्म के प्रीमियर पर उनकी कंगना से मुलाकात हुई। तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैंने उनसे बात करने की कोशिश किया था, लेकिन वो खुश नहीं थीं और मेरे साथ बुरा बर्ताव कर रही थीं। पायल ने इससे पहले प्रीमियर की फोटोज शेयर कर लिखा था, रंगोली आप एक बहुत अच्छी महिला हैं, लेकिन आपकी बहन मुझे देख कर खुश नहीं हुई।

### पायल-संग्राम 21 जुलाई को लेंगे सात फेरे

पायल की बात करें तो वो संग्राम के साथ इस साल 21 जुलाई को शादी के बंधन में बंधेंगे। हाल ही में संग्राम ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, इस जुलाई में...जहां हम एक-दूसरे के साथ कस्में लेंगे और शादी के बंधन में बंध जाएंगे। संग्राम और पायल की मुलाकात रियलिटी शो 'सरवावर' के सेट पर हुई थी। हाल ही में संग्राम ने रियलिटी शो लॉकअप के दौरान पायल को शादी के लिए प्रपोज किया। बता दें, पायल लॉक अप की कंटेस्टेंट रह चुकी हैं।



# इन तरीकों से जान सकते हैं कहीं आपको लॉन्ग कोविड तो नहीं? ज्यादातर लोगों में देखी जा रही है यह दिक्कतें

**कोरोना के नए वैरिएंट्स के कारण वैश्विक स्तर पर बढ़े संक्रमण और संक्रमण से ठीक होने के एक साल बाद तक कई लोगों में देखी जा रही लॉन्ग कोविड की दिक्कतें, मौजूदा समय में महामारी से संबंधित दो बड़ी समस्याएं हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस समय कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट्स के कारण दुनियाभर में संक्रमण के नए मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं हाल ही में हुए अध्ययनों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लॉन्ग कोविड की जटिलाताओं और लोगों में लंबे समय तक बनी रहने वाली समस्याओं को लेकर चिंता जताई है।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी अपने हालिया रिपोर्ट में पोस्ट कोविड जिसे लॉन्ग कोविड के रूप में भी जाना जाता है, इसके बारे में सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने और लक्षणों के नजर आते ही तुरंत डॉक्टरी सहायता लेने की सलाह दी है। शोध से पता चलता है कि कोरोना संक्रमण का शिकार रह चुके 20-30 फीसदी लोगों में लॉन्ग कोविड की समस्याओं के विकसित होने की आशंका हो सकती है।

लॉन्ग कोविड को लेकर हालिया शोध में वैज्ञानिकों ने बताया कि कुछ लोगों में संक्रमण से ठीक होने के एक से दो साल तक भी लक्षणों का अनुभव होता रह सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ज्यादातर लोगों में बिना इलाज के इन समस्याओं के बढ़ने का खतरा देखा गया है, ऐसे में सभी लोगों को अपने लक्षणों पर ध्यान देते हुए डॉक्टर से संपर्क में रहना चाहिए।

### एसिम्टोमैटिक लोगों से भी हो सकता है लॉन्ग कोविड

जामा नेटवर्क ओपन जर्नल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि जरूरी नहीं है कि संक्रमण के दौरान यदि आप गंभीर रोग के शिकार रहे हो तो ही आपमें लॉन्ग कोविड विकसित हो सकता है। अध्ययन में पाया गया है कि कई लोग, जिनमें संक्रमण के हल्के लक्षण थे उन्हें भी ठीक होने के छह माह से एक साल तक सिरदर्द और थकान जैसी पोस्ट कोविड की समस्याओं का अनुभव हो रहा है।

इस आधार पर वैज्ञानिकों का कहना है कि जिन भी लोगों में एक बार संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है उन्हें पोस्ट कोविड की समस्याओं का ध्यान रखना चाहिए।

### लंबे समय तक बनी रह सकती हैं लॉन्ग कोविड की दिक्कतें

अभी तक माना जाता रहा थी कि लॉन्ग कोविड की दिक्कतें सामान्यतौर पर छह माह से एक साल तक बनी रह सकती हैं, हालांकि मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती रहे आधे से अधिक लोगों में दो साल के बाद तक भी कम से कम एक लक्षण बना हुआ है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि बिना प्रभावी उपचार के इन समस्याओं से निजात पाना कठिन हो सकता है। ऐसे में सभी लोगों को रिकवरी के बाद लक्षणों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय रहते लॉन्ग कोविड की समस्या की पहचान कर उसका इलाज शुरू कर दें।

### लॉन्ग कोविड की पहचान कैसे करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना संक्रमण से ठीक होने के हफ्तों बाद भी यदि आप स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं तो आपको लॉन्ग कोविड की समस्याओं को लेकर सावधान हो जाना चाहिए। लॉन्ग कोविड के बारे में जानने के लिए वैसे तो कोई विशिष्ट परीक्षण नहीं है, रोगी को अपने लक्षणों पर लगातार निगरानी रखने की सलाह दी जाती है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि आमतौर पर संक्रमण से ठीक होने के तीन महीने बाद इन समस्याओं का निदान किया जाता है। अलग-अलग लोगों में इसके लक्षण भी भिन्न हो सकते हैं।

### इन लक्षणों को लेकर बरतें सावधानी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक लॉन्ग कोविड की स्थिति में ज्यादातर लोगों को थकान, सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द और कमजोरी बनी रह सकती है। अध्ययन में विशेषज्ञ बताते हैं कि ज्यादातर लोगों में थकान या मांसपेशियों में कमजोरी की समस्या लॉन्ग कोविड में सबसे प्रमुख रूप से रिपोर्ट की जा रही है। संक्रमण से ठीक हो चुके 52 फीसदी लोगों में इस तरह की दिक्कत छह महीने, वहीं 30 फीसदी लोगों में यह दो साल से अधिक समय तक देखी जा रही है।

# रिलेशनशिप पर बातः मैं अपने रिश्ते को चर्चा का विषय नहीं बनाना चाहतीः रकुलप्रीत सिंह



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह ने प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ अपने रिलेशनशिप को पर बात की है। एक्ट्रेस ने पिछले साल सोशल मीडिया पर प्रोड्यूसर के साथ अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि लोग उनके बारे में जब बात करें तो वो बातचीत उनके काम के बारे में हो न कि उनके रिलेशनशिप के बारे में।

### अपनी पर्सनल लाइफ को चर्चा नहीं बनाना चाहतीं

रकुल ने इंटरव्यू में कहा, हर किसी पर्सनल लाइफ उतनी ही नॉर्मल होती है जितनी की लाइफ में कोई और चीज। अगर हम एक्टर नहीं होते, तो हमारी पर्सनल लाइफ भी चर्चा में नहीं होती। मुझे लगता है कि रिलेशनशिप में होना नेचुरल सी बात है। जैसे पेरेंट्स के बाद सिबलिंग्स और फिर दोस्त होना, फिर आपका पार्टनर होता है। हम अपने रिलेशनशिप को यह कहकर छिपाना नहीं चाहते कि हम अच्छे दोस्त हैं। लेकिन मैं अपने रिलेशनशिप को चर्चा का विषय नहीं बनाना चाहती।

### मैं एक नॉर्मल लड़की ही हूं-रकुलप्रीत

रकुल ने बात करते हुए आगे कहा कि वो चाहती हैं लोग उनके काम के बारे में बात करें। उन्होंने कहा, मेरा काम बोलना चाहिए बस। जब बात हमारे प्रोफेशनल दायरे की होती है तब लोगों को हम दोनों की जर्नी को अलग-अलग देखना चाहिए। ट्रोलिंग पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मैं इन सब पर ध्यान नहीं देती हूं। मेरे लिए सिर्फ मेरी जॉब मायने रखती है। मैं अपने काम को काम की तरह ट्रीट करती हूं। मैं एक लड़की हूं, जिसका प्रोफेशन एक्टिंग करना है। जब मैं घर जाती हूं, वहां मेरी लाइफ एक नॉर्मल लड़की की तरह है।

### रकुलप्रीत के अपकमिंग प्रोजेक्ट

बता दें, पिछले साल एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अपने रिलेशनशिप की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की थी। वर्कफ्रंट पर रकुल के पास 'छतरीवाली' और 'डॉक्टर जी' जैसी फिल्में हैं। एक्ट्रेस हाल ही में अजय देवगन की फिल्म 'रनवे 34' में नजर आई थीं।

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[th] XII[th] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358 9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### ई-लाइब्रेरी में युवा गढ़ रहें अपना सुनहरा भविष्य

**दंतेवाड़ा ।** जिले के अधिकांश बच्चे दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते है। भौगोलिक वातावरण परिस्थितियों के कारण अधिकांश जिज्ञाशु छात्र, छात्राओं को पुस्तकालय अथवा पढने के लिये पुस्तक उपलब्ध नही हो पाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय योजना के तहत विकासखंड स्तर के हाई, हायर सेकंडरी, कस्तुरबा गांधी बालिका एवं पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय, छात्रावास, आश्रमों में आवश्यक किताबों की व्यवस्था है, परंतु बच्चों को इन मे से निकटतम संसाधन में उपलब्धता के आधार पर ही उनके रुचि का पुस्तक मिल पाता था और अपनी रुचि के अनुरूप पुस्तक जिला मे ही किसी अन्यत्र संसाधन मे उपलब्ध रहने पर भी उसका लाभ बच्चों को नही मिल रहा था। इस तरह संसाधनों की कमी के साथ-साथ उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग नही होना भी एक प्रमुख समस्या बनी हुई थी।

### सिनेमा लाइन अब अणुव्रत मार्ग के नाम से जाना जाएगा, पट्टिका का हुआ अनावरण

**राजनांदगांव।** सिनेमा लाइन अब अणुव्रत मार्ग के नाम से जाना जाएगा। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य में एवं सकल जैन संघ के अध्यक्ष तथा पूर्व महापौर नरेश डाकलिया की अध्यक्षता में और पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, पद्मश्री डॉ पुखराज बाफ्ना तथा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पदम कोठारी के विशेष आतिथ्य में आज मानव मंदिर चौक में अणुव्रत मार्ग की पट्टिका का अनावरण हुआ। संक्षिप्त समारोह को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि वह बिलासपुर एक कार्यक्रम में गई थी जहां उन्हें न्यायाधीश श्री गौतम चौरडिया ने अणुव्रत की एक पुस्तिका दी थी।

# महिला महाविद्यालय का नामकरण भक्त माता कर्मा के नाम करने की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए। साहू समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का फूलमाला से उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भक्त माता कर्मा जंयती की बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने भक्त माता कर्मा उल्लेख करते हुए कहा कि यदि भगवान के प्रति अटूट विश्वास, श्रद्धा और समर्पण है, तो मनोकामना जरूर पूरी होती है। माता कर्मा ने यह साबित किया था कि भक्त की श्रद्धा और भक्ति में यह शक्ति है कि भगवान को भी प्रकट होने पर विवश कर दे।




मुख्यमंत्री ने इससे पहले भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने जिला साहू समाज के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रूपए स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बालोद के महिला महाविद्यालय का नाम भक्त माता कर्मा के नाम पर किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कल पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों एवं स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की गई।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने न्याय योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक अधिकार को सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत बालोद जिले के 01 लाख 35 हजार 896 किसानों के बैंक खाते में प्रथम किस्त की राशि 87 करोड़ 27 लाख 07 हजार 612 रूपए अंतरित की गई। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत बालोद जिले के 12 हजार 859 हितग्राहियों को 02 करोड़ 57 लाख 18 हजार रूपए अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के धान के समर्थन मूल्य के साथ-साथ लघु वनोपजों का भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। पहले 07 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी की जाती थी अब 65 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। जिले के प्रभारी मंत्री श्री उमेश पटेल और संजारी-बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में बनने वाले अत्याधुनिक राज्य कैंसर संस्थान का किया वर्चुअल भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में बिलासपुर में 120 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक 'राज्य कैंसर संस्थान' का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य कैंसर संस्थान कैंसर के इलाज के लिए आवश्यक अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा और आगामी एक वर्ष में इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित आसपास के कैंसर मरीजों को इस संस्थान के माध्यम से कैंसर के इलाज की अच्छी सुविधा मिलेगी।




बिलासपुर निर्मित होने वाले राज्य कैंसर संस्थान में सभी प्रकार के कैंसर के इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। संस्थान में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक कैंसर वार्ड और 20 बिस्तरों के अत्याधुनिक आईसीयू वार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी।

स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, राजस्व एवं बिलासपुर के प्रभारी मंत्रीजयसिंह अग्रवाल, संसदीय सचिव डॉ. श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सांसद अरूण साव, विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर अरूण सिंह चौहान भी कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़े। मुख्यमंत्री निवास में विधायक शैलेष पांडेय और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डॉ.मनिंदर कौर द्विवेदी, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि बीते साढ़े तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयासों के क्रम में आज राज्य कैंसर संस्थान के भूमिपूजन के साथ एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यह संस्थान निश्चित रूप से कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। हम मरीजों को कैंसर से मुक्ति दिलाने और जीवन को बचाने के लिए और भी प्रभावी तरीके से काम कर पाएंगे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि राज्य कैंसर संस्थान के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उदारतापूर्वक 34.19 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संस्थान हेतु केन्द्रांश की राशि 51.84 करोड़ रूपये प्राप्त हो चुके हैं। इस संस्थान के निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि संभाग मुख्यालय बिलासपुर में राज्य कैंसर संस्थान खुलने से छत्तीसगढ़ वासियों को कैंसर के इलाज की अत्याधुनिक सुविधा का लाभ मिलेगा। राज्य कैंसर संस्थान के भवन निर्माण के लिए 34.50 करोड़ एवं उपकरण के लिए 80.70 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

राज्य कैंसर संस्थान में सभी प्रकार की कीमोथिरेपी, जैसे -टार्गेटेड, इम्यूनो, मॉलिकुलर, मेटरोनोमिक सुविधा नि:शुल्क मिलेगी। यहां अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी मशीन से इलाज किया जाएगा। दो लीनियर एक्सीलरेटर, कोबाल्ट ब्रेकीथेरेपी यूनिट, पी.ई.टी. स्कैन मशीन, सीटी सिमुलेटर, एमआरआई मशीन और कैंसर अनुसंधान के लिए सभी अत्याधुनिक साधन राज्य कैंसर संस्थान में उपलब्ध होंगे। स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख एवं गले का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, बड़ी आंत एवं गुदा का कैंसर, पेट के कैंसर, यकृत, पित्त की थैली के कैंसर, हड्डी के कैंसर, ब्लड कैंसर का इलाज एक ही छत के नीचे हो सकेगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने राज्य कैंसर संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर बिलासपुर डॉ. सारांश मित्तर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति चीचा को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पाटन के चीचा (बीएमसी) जैव विविधता प्रबंधन समिति को पक्षियों के संरक्षण की दिशा में उत्कृत कार्य के लिए सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा जैव विविधता दिवस पर प्रदेश में जैव विविधता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्ति और संस्था को सम्मानित किया जाता है।

इसी कड़ी में दुर्ग वन विभाग के कार्यालय में हुए वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा चीचा बीएमसी को प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि का चेक देकर उनका सम्मान किया गया।विदित हो कि चीचा जलाशय में प्रति वर्ष प्रवासी पक्षी आते हैं और अपनी शर्दियां यहां बिताते हैं ,इन्ही प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और उन्हें शिकारियों से बचाने के साथ पक्षियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए चीचा की जैव विविधता प्रबंधन समिति को सम्मानित किया गया।

इसी के साथ दुर्ग वन मंडल क्षेत्र में पीपल फॉर एनीमल संस्था को पालतू पशुओं की श्रेणी में तथा नवागढ़ के किशोर राजपूत को व्यक्तिगत श्रेणी में देशी किस्म के बीजों के संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के सीसीएफ श्री बीपी सिंह, डीएफओ श्री शशि कुमार ,एसडीओ मोना महेश्वरी ,पक्षी विशेषज्ञ राजू वर्मा, चीचा बीएमसी अध्यक्ष पंकज चंद्राकर, संतोष हुलेश्वर पटेल, किशोर चंद्रकार, इंद्राणी साहू, त्रिवेणी मनहर गोविंद कश्यप, पीपल फॉर एनीमल के आंचल दानी, बिदिशा बिस्वास, धारिनी जोशी, कीर्ति राव, अंकित विष्णु वर्धन, जयती गुप्ता, स्नेहा साहू सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वन धन विकास योजना से संवर रहा स्व सहायता समूह की जिंदगी

# बदलता दन्तेवाड़ाः वन धन विकास योजना में दन्तेवाड़ा लिख रहा है सफलता की नई कहानियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

दंतेवाड़ा । जिले वन जैव विविधता के दृष्टिकोण से काफी समृद्ध है। ईमली, महुआ फूल, तेंदू पत्ता के अतिरिक्त उच्च गुणवत्ता के कई अन्य लघुवनोपज भी पाये जाते हैं। यहॉ के निवासियों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि एवं वनो पर निर्भर हैं।



लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन हेतु शासन द्वारा वर्ष 2019-20 से ''वनधन विकास योजना'' संचालित है, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संग्राहकों से लघु वनोपज का संग्रहण, प्राथमिक प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन कार्यों का सम्पादन कर रोजगार प्राप्त करना है। वन धन विकास योजना से क्षेत्र के सैकड़ों जनजातीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने वाले इस योजना से जनजातीय लोगों की आय और आजीविका में सुधार हो रहा है और समूह की महिलाओं के जीवन में बदलाव देखने को मिल रहा है।

जिला यूनियन अंतर्गत लघु वनोपज संग्रहण हेतु 14 संग्रहण केन्द्र (हाट बाजार) एवं 07 वन धन विकास केन्द्र (लघु वनोपज प्रसंस्करण केन्द्र) के लिए प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु 5.00 लाख रूपये एवं प्रत्येक वनधन केन्द्र हेतु 19.06 लाख रूपये राशि स्वीकृत कर जिला कलेक्टर एवं डी.आर.एम. द्वारा वर्कशेड/गोदाम का निर्माण कराया गया है।

क्षेत्र के 257 महिला स्व-सहायता समूहों के लगभग 3000 सदस्यों द्वारा विभिन्न स्तरों (संग्रहण स्तर-ग्राम एवं हाट बाजर, प्रसंस्करण स्तर-वनधन विकास केन्द्र) में लघु वनोपज का संग्रहण एवं प्रसंस्करण कर रोजगार प्राप्त कर रहे है। इन वन धन केंद्रों में तैयार उत्पाद बाजार में बेचे जा रहे हैं।

इस योजना की खूबसूरती यह है कि बिक्री से प्राप्त सभी लाभ सीधे तौर पर जनजातीय उद्यमियों को जाते है। क्षेत्र के ग्रामीण एवं महिलाए वन धन विकास योजना से लाभ अर्जित कर अत्यंत खुश हैं। साथ ही शासन-प्रशासन को धन्यवाद दे रहे है।

## क्रीड़ा भारती से जुड़े खिलाड़ियों राष्ट्र की प्रदक्षिणा-तिरंगा यात्रा करके स्वाधीनता का अमृत महोत्सव मनाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के महान अवसर पर खेल और खिलाडियों के लिए काम करने वाले संगठन क्रीड़ा भारती ने देश भर में राष्ट्र की प्रदक्षिणा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इसी तारतम्य में रविवार को प्रात: 8:56 बजे दुर्ग स्थित नाना नानी पार्क से तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) रायपुर तक खिलाड़ियों, पूर्व खिलाड़ियों एवं खेल हित में सक्रिय समाजसेवियों ने दो पहिया वाहन में तिरंगा लेकर राष्ट्र की प्रदक्षिणा कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

राष्ट्र की प्रदक्षिणा आरंभ होने से पूर्व संक्षिप्त समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र दीक्षित, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से हॉकी की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी और क्रीड़ा भारती प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता डुमरे, खेल जगत से जुड़ी श्रीमती कल्पना स्वामी, कबड्डी कोच विजय यादव एवं जिला अध्यक्ष ललित साहू ने तिरंगा यात्रा में जाने वाली खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र दीक्षित ने कहा कि स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगाँठ एक ऐतिहासिक अवसर है और यह अवसर प्रत्येक नागरिक के मन में गर्व का भाव पैदा करें इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे अमृत महोत्सव के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। इस अमृत महोत्सव द्वारा 75 वर्ष की यात्रा में भारत ने उपलब्धियों के जिन उच्च शिखरों को छुआ है, उन्हें स्मरण करने का अवसर है ताकि हमारी नई पीढ़ी देश को शिखर पर पहुंचाने वाली विभूतियों पर गर्व कर सके।

## प्रत्येक विकासखंड और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** राज्य के नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति अधिक रूची पैदा करने और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, प्रदेश में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता-2022 का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। यह खेल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के लिए सब जूनियर एवं जूनियर कैटेगरी में आयोजित होगी। संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट और व्यक्तिगत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मीटर), बैडमिंटन एवं कुश्ती खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग,
पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स,
एक्रीलिक रेलिंग,
आर्टिफिसियल ग्रास,
पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी
चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### पुलिसवालों की 11 टीमों ने 25 कबाड़ियों को घेरा, 20 लाख का कबाड़ जब्त

**रायपुर (ए)।** राजधानी सहित आसपास के कबाड़ियों पर रविवार को पुलिस टीम टूट पड़ी। 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों-जवानों की 11 टीम बनाकर छापेमारी की गई। 25 से अधिक कबाड़ियों के यार्ड में पुलिस ने जांच की। यहां कईयों के पास से चोरी के सामान जब्त किए गए। लगभग 20 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया। इनके यार्डो से चार पहिया वाहनों के इंजन, बाइक के पार्ट, वाहनों के कटे टुकड़े, स्पंज आयरन, मैग्नीज पत्थर, सेंटरिंग प्लेट, आयरन पैलेट इत्यादि सामान मिले हैं। उरला, खमतराई, धरसींवा, आमानाका, कबीर नगर, विधानसभा और मंदिर हसौद क्षेत्र के दर्जन भर कबाड़ियों व यार्ड संचालकों के ऊपर कार्रवाई की गई। कुछ ने आवश्यक दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध करवाए, जिसकी जांच की जा रही है।

### बिलासपुर पुलिस की गश्त में डकैती व हत्या के आरोपित समेत 58 वारंटी पकड़े गए

**बिलासपुर (ए)।** रविवार की सुबह जिले के सभी थानों में पुलिस ने एक साथ गश्त की। इस दौरान पुलिस ने मदनपुर में ट्रांसपोर्टर के ऑफिस में डकैती के फरार आरोपित को गिरफ्तार किया। वहीं, सिविल लाइन क्षेत्र में हुए हत्या के मामले में फरार आरोपित को पकड़ा गया। पुलिस ने रविवार की सुबह 14 स्थाई वारंटी, 56 वारंटी और 15 फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि एसएसपी पारुल माथुर ने जिले भर में कांबिंग गश्त कर फरार आरोपित को पकड़ने के निर्देश दिए थे। इस पर सभी थाना प्रभारियों ने रविवार की सुबह अपने क्षेत्र में गश्त कर फरार आरोपित को पकड़ने का अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने हत्या, डकैती, चोरी के फरार आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मदनपुर में ट्रांसपोर्टर के ऑफिस में हुए डकैती के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा सिविल लाइन क्षेत्र में हुए हत्या के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 14 स्थाई वारंटी, 56 वारंटी और 15 फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है।

#### 15 के खिलाफ की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

अभियान के दौरान पुलिस ने जिले में सक्रिय 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। बदमाशों के व्यवसाय और काम की जानकारी ली गई। साथ ही उन्हें अपराध से दूर रहने की हिदायत दी गई।

बहन से की गंदी बात तो दोस्त को मार डाला

# दारू पार्टी के बहाने ले गए, फिर चाकू और डंडा मारकर कर दी हत्या, 3 गिरफ्तार

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग पुलिस ने पाटन थाना क्षेत्र के लोहरसी रवेली गांव में पीट पीटकर की गई युवक की हत्या का पर्दाफाश कर दिया है। युवक की हत्या खुद उसी के दोस्त ने पूरी प्लानिंग के साथ की थी। मृतक की पहचान जागृति चौक भिलाई तीन निवासी अजय कुमार गौतम (20 वर्ष) के रूप में हुई है। अजय अपने दोस्त नरेंद्र कुमार ध्रुव की बहन से अश्लील बातें करता था। इसी बात को लेकर उसने अपने दोस्त प्रकाश और अनिल के साथ मिलकर अजय की हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पाटन एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया कि 20 मई को रवेली गांव के आंवला बगीचा के पास अजय गौतम की खून से लथपथ लाश मिली थी। जब पाटन थाने के एएसआइ राधेश्याम जुर्री ने घटना स्थल का मुआयना किया तो वहां नाश्ते के कुछ प्लेट मिले। इससे उन्होंने घुघवा मोड़ के पास स्थित होटल में पता किया तो होटल वाले ने नाश्ते की प्लेट उसके यहां की होना बताया। उसने बताया कि कि चार लड़के आए थे और यहां से नाश्ता लेकर गए थे।

पुलिस ने जब वहां का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पता चला कि एक मोटरसाइकिल में चार लड़के सवार होकर आए थे। पतासाजी करने पर मृतक की पहचान अजय कुमार गौतम के रुप में हुई। पुलिस को यह भी पता चला कि उसके साथ गए तीन अन्य लड़के नरेन्द्र कुमार ध्रुव (22 वर्ष) निवासी पुरैना थाना भिलाई तीन, प्रकाश कुमार विश्वकर्मा (20 वर्ष) निवासी जागृति चौक भिलाई तीन और अनिल कुमार विश्वकर्मा (21वर्ष) निवासी जागृति चौक भिलाई तीन थे। पुलिस ने जब तीनों लड़कों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अजय गौतम की हत्या करना स्वीकार किया।

#### अनिल ने रची थी हत्या की पूरी प्लानिंग

हत्या का मुख्य आरोपी नरेन्द्र कुमार ध्रुव था। उसने पुलिस को बताया कि अजय उसकी बहन के साथ अश्लील बातें कर रहा था। उसे जब पता चला तो उसने उसे कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं माना। इससे उसने उसकी हत्या करने की ठान ली। उसने अपने दोस्तों के साथ उसकी हत्या की योजना बनाई। इसके बाद अजय को रवेली राखी रोड आंवला बगीचा में दारू पार्टी करने के बहाने ले गया। उसके साथ उसके दोस्त प्रकाश और अनिल भी थे। चारों ने वहां बैठकर एक साथ शराब पी। शराब पीने के बाद तीनों ने मिलकर अजय के ऊपर वहां रखे डंडे एवं चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। जब अजय मर गया तो वह लोग वहां से भाग गए।

### परीक्षा हाल के बाहर से छात्र-छात्राओं के मोबाइल चोरी करने वाले गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** तोरवा और तारबाहर क्षेत्र से छात्रों की स्कूटी का डिक्की खोलकर मोबाइल चुराने वाले एक नाबालिग समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तोरवा थाना प्रभारी फैजुल शाह ने बताया कि बीते दिनों रेलवे स्कूल के सामने से चोरों ने छात्राओं की स्कूटी का डिक्की खोलकर आठ मोबाइल पार कर दिया था। इसके अलावा इसी तरह का मामला तोरवा क्षेत्र में भी दर्ज था। एसएसपी पारुल माथुर ने सभी थाना प्रभारियों को चोरों को पकड़ने निर्देश दिए थे। इस पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। शनिवार की शाम सूचना मिली कि चांटीडीह के रामायण चौक में रहने वाला हर्षवर्धन कीर(18) चोरी के मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश रहा है। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें उसने मोपका के कुटीपारा में रहने वाले अमन धुरी(26) व एक नाबालिग के साथ चोरी करना बताया। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के 20 मोबाइल जब्त कर कार्रवाई की है।

मेडिकल दुकान की आड़ में नशे का कारोबार

## डॉक्टर की परची के बिना ही बेचता था, नशीली कफ सिरप और टेबलेट बरामद, संचालक गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में मेडिकल स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित नशीली दवाईयां बेचने वाले दुकान संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से बड़ी मात्रा में कफ सिरप व टेबलेट बरामद किया गया है, जिसे वह डॉक्टर की परची के बिना ही लोगों को बेच रहा था। उसके खिलाफ NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को सूचना मिल रही थी कि नवाडीह में राज मेडिकल स्टोर में नशे का सामान बेचा जा रहा है। नियमानुसार प्रतिबंधित व नशीली दवाईयां बेचने के लिए मेडिकल स्टोर में डॉक्टर की परची जरूरी है। लेकिन, यहां युवाओं को नशे के रूप में कफसिरप व टेबलेट बेचने का अवैध धंधा चल रहा है। इस सूचना पर प्रशिक्षु IPS व TI विकास कुमार ने अपनी टीम के साथ राज मेडिकल स्टोर में छापेमारी की। इस दौरान दुकान संचालक मनोज कुमार गुप्ता (48 साल) बगैर डॉक्टर की पर्ची प्रतिबंधित कफ सिरप और प्रतिबंधित दवाईयां बेच रहा था।

#### तलाशी में मिले 291 कफसिरप और 147 प्रतिबंधित टेबलेट

जांच के दौरान पुलिस ने दुकान की तलाशी ली, तब कोरेक्स, रिलेक्सोकॉफ सहित 294 प्रतिबंधित कफ सिरप और स्पॉस ट्रेनकॉन, स्पॉस मो नील सहित 147 प्रतिबंधित टेबलेट बरामद किया। पूछताछ में दुकान संचालक ने स्वीकार किया कि वह डॉक्टर की परची के बिना ही प्रतिबंधित नशीली दवाईयां बेच रहा था। उसके खिलाफ NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है।

प्रतिबंधित दवाईयां बेधड़क मेडिकल दुकानों से बेची जा रही है, जहां से नशेड़ियों को ये दवाईयां आसानी से मिल जा रही हैं। वहीं, दूसरी ओर इसकी जांच करने वाला जिम्मेदार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इसे लेकर गंभीर नहीं है। यही वजह है कि मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाएं बेचने का धंधा चल रहा है।

मैच में लगा रहे थे सट्टा, आई पुलिस, 3 गिरफ्तार

## दिल्ली और मुंबई के मैच में लग रहा था हार-जीत का दाव, मोबाइल, लैपटॉप औक कैश जब्त

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में आईपीएल क्रिकेट में दिल्ली और मुंबई के मैच में सट्टा खिलाने वाले खाईवाल और सट्टेबाजी कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, सट्टापट्टी व 15 हजार रुपए बरामद किया गया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।



पुलिस को रविवार की शाम सूचना मिली कि राजकिशोर नगर के ओंकार भवन में खाईवाल और सट्टेबाज सक्रिय हैं, जो आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहे हैं। जानकारी मिलते ही टीआई हरीश तांडेकर के साथ एएसआई देवेंद्र तिवारी व पुलिस की टीम ने दबिश दी। इस दौरान आंगन में बैठकर अखिलेश भगत (30 साल), समीर तिग्गा (27 साल) व चेतन राठौर (27 साल) लैपटॉप व मोबाइल से सट्टा खिला रहे थे। तीनों कागज में सट्टे का हिसाब भी लिख रहे थे।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सटोरियों से लैपटॉप, तीन मोबाइल, 15 हजार रुपए और कागज की परची में लिखे सट्टे का हिसाब-किताब जब्त किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान पुलिस ने सटोरियों के मोबाइल में भी सट्टे का हिसाब देखा। तीनों आरोपी वॉट्सऐप चैट से मैच के हर बाल, रन और विकेट पर हार जीत का दाव लगा रहे थे। बतौर सबूत पुलिस ने मोबाइल चैट को सुरक्षित रखा है।

# एक मोबाइल दुकान से दूसरी बार चोरी, तरीका भी सेम: पहले मामले में चोर पकड़े नहीं गए, अब 20 लाख का माल ले उड़े

**भिलाई।** चोरों ने एक मोबाइल दुकान को छह महीने के अंदर दूसरी बार अपना निशाना बनाया। उन्होंने दुकान से 20 लाख रुपए का मोबाइल पार कर दिया है। दुकान संचालक का आरोप है कि छह महीने पहले भी उसकी दुकान में इसी तरह सवा 3 लाख रुपए नगद व दो मोबाइल फोन की चोरी हुई थी। शिकायत के बाद भिलाई तीन पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं सकी और उन्होंने फिर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया है।




भिलाई तीन पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फोरलेन सड़क के किनारे मोहन मोबाइल एंड जनरल स्टोर की दुकान है। दुकान संचालक जीतेंद्र छतीजा ने उसके यहां चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई अमित छतीजा रोज की तरह सुबह दुकान खोलने पहुंचा था। वह जैसे ही शटर का ताला खोलकर दुकान के अंदर गया तो उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर से मोबाइल फोन गायब थे। उसने देखा कि दुकान की छत में लगी टीन की चादर को तोड़कर चोर दुकान के अ्ंदर घुसे और चोरी करके चले गए। दुकान संचालक ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान से 60 नग एंड्रायड स्मार्टफोन फोन सहित गल्ले में रखे डेढ़ हजार रुपए चोरी कर लिए हैं।

#### चोर का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद

भिलाई तीन पुलिस का कहना है कि इस बार वह चोर को जल्द गिरफ्तार कर लेगी। पिछली बार चोरों के बारे में उनके पास कोई सबूत नहीं था। इस बार उनके हाथ एक पुख्ता सबूत हाथ लगा है। पुलिस का कहना है कि चोर जब दुकान में घुसे और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को बंद किया तो उससे पहले एक चोर का चेहरा कैमरे में कैद हो गया। इसी फुटेज के सहारे पुलिस चोर तक पहुंचेगी।

#### छह महीने में दूसरी चोरी की वारदात को दिया अंजाम

मोहन मोबाइल एंड जनरल स्टोर्स के संचालक ने बताया कि इससे पहले भी उसकी दुकान में 18-19 दिसंबर 2021की रात चोरी हुई थी। ठीक इसी तरह चोर टीन की छत को तोड़कर अंदर घुसे और सवा 3 लाख रुपए नगद व दो मोबाइल पोन चोरी करके ले गए थे। उसने वह रकम किसी व्यापारी को देने के लिए दुकान में रखे थे। भिलाई तीन पुलिस ने मामला तो दर्ज किया, लेकिन उसके बाद इस मामले में ध्यान नहीं दिया।

### जुर्माना नहीं पटाने से जेल में बंद कैदियों की रिहाई कराएगा प्राधिकरण

**बिलासपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट न्यायदान के साथ ही संवेदनशीलता भी दिखा रहा है। ऐसे कैदी जो जुर्माना राशि न देने की वजह से जेलों में बंद है, उनकी रिहाई की जिम्मेदारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निभाएगा। इसके बाद प्राधिकरण ने जेल प्रबंधन को पत्र लिखकर बंदियों की जानकारी मांगी है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जमानत के एक मामले की सुनवाई करते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे कैदियों की रिहाई के लिए मामला दायर करें, जो जुर्माने की राशि जमा नहीं कर पाने के कारण जेल में बंद है।

इसके बाद राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने राज्य शासन और प्रदेशभर के जेल अधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे कैदियों की सूची मांगी है। सूची मिलने के बाद प्राधिकरण की देखरेख में रिहाई के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। याचिकाकर्ता बंदियों को प्राधिकरण निश्शुल्क वकील उपलब्ध जाएगा। हाई कोर्ट से रिहाई आदेश के बाद संबंधित निचली अदालत में आवेदन पेश करना होगा। निचली अदालत में ही जुर्माने की राशि जमा होगी। यह कार्य भी प्राधिकरण के जिम्मे है।ÿ

#### गृह मंत्रालय ने भी लिखा है पत्र

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जुर्माने की राशि जमा न कर पाने के कारण कितने कैदी जेलों में बंद हैं। गृह मंत्रालय के पत्र का भी असर दिखाई देने लगा है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

**खास - खबर**

## नन्दनी आश्रम में अनुष्ठान शिविर का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** बाल संस्कार विभाग व युवा सेवा संघ नंदनी अहिवारा आश्रम के तत्वाधान में संत श्री आसाराम जी बापू की पावन प्रेणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण व आत्मिक विकास हेतु तीन दिवशीय अनुष्ठान शिविर का हुआ आयोजन,इस अनुष्ठान शिविर का शुभारंभ आश्रम के वरिष्ठ सेवाधार राम भाई द्वारा दीप जलाकर की गई, शिविर के शुभारंभ पर विद्यार्थियों की भीड़ देखकर बच्चो के पालक लोग काफी गदगद हो गए व उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिए ऐसे शिविर का आयोजन अति आवश्यक हो गया है युवा पीढ़ी हमारी वैदिक संस्कृति को भूलती जा रही है जिससे निरासा, असंतोष, चिड़चिड़ापन इत्यादि बढ़ रहे है ऐसे ने यह शिविर विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी और निश्चित ही विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा ,बाल संस्कार विभाग के प्रभारी लोकेश साहू ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकास पर बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतू यह शिविर लगायी गयी है। जिसमे योग-प्राणायम, जप, यज्ञ, बुद्धिशक्ति बढ़ाने के प्रयोग, खेल-कूद, वक्तव्य स्पर्धा, भजन प्रतियोगिता इत्यादि ज्ञानवर्धक बाते बताई व सिखाई गई,साथ मे मोबाइल फ़ेन के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताई गई कि आज के युग मे मोबाइल आवश्यक तो है लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी बहुत हो रहा है,मोबाइल से बच्चों और बच्चीयो को दूर रहना चाहिए यह तीन दिवशीय शिविर का आयोजन शहर के दो जगहों पर किया गया है ।

### जोगी नगर के सैकड़ो परिवारों को दूसरी जगह विस्थापित न करें

# जहां निवास करते है वहीं दे भूमि का पट्टा : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। विधायक अरुण वोरा ने एसडीएम विनय पोयाम और निगम कमिश्नर हरेश मंडावी से कहा है कि वार्ड 49 जोगी नगर के रहवासियों को दूसरी जगह विस्थापित न किया जाए। जोगी नगर के निवासी जिस जगह पर निवास करते हैंए उन्हें उसी भूमि का पट्टा दिया जाए। वोरा ने शनिवार को कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से भी कहा है कि तालाब के किनारे 40.50 साल से बसे लोग पट्टे की मांग कर रहे हैं। उन सभी लोगों ने पट्टे देने की मांग करते हुए आवेदन किया है।**



सभी के आवेदनों को ध्यान में रखते हुए पट्टे का यथाशीघ्र वितरण किया जाए। इससे पहले आज सुबह वार्ड 49 जोगी नगर के नागरिकों ने पार्षद भास्कर कुंडले के साख वोरा निवास पहुंचकर विधायक अरुण वोरा से मुलाकात की। नागरिकों ने कहा कि उन्हें दूसरी जगह विस्थापित न किया जाए। जिस जगह पर उनका निवास है, उन्हें वहीं पर रहने दिया जाए और पट्टा भी दिया जाए। वोरा ने नागरिकों की मांग सुनने के बाद एसडीएम और निगम कमिश्नर को जोगी नगर के नागरिकों को दूसरी जगह विस्थापित न करने के निर्देश दिये हैं। नगर निगम ने कई स्लम बस्तियों के नागरिकों को नोटिस जारी की है। आवासीय योजना के तहत स्लम एरिया में रहने वाले लोगों को पक्के आवास देने नोटिस जारी करते हुए वर्तमान झुग्गी बस्ती को खाली करने कहा गया है। जोगी नगर के लोगों को भी नोटिस जारी की गई है। इसी के बाद लोग वोरा निवास पहुंचे और विधायक से अनुरोध किया कि उन्हें उसी जगह पर रहने दिया जाए। साथ ही पट्टा भी दिया जाए।

### स्वास्थ्य में सरकार खर्च रही करोड़ों, ना हो आगे पाठ पीछे सपाट : वोरा

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा रविवार को जिला अस्पताल परिसर में स्थित 100 बिस्तर वाले नव निर्मित मातृ शिशु अस्पताल के औचक निरीक्षण में पहुंचे। जहां भर्ती मरीजों ने उनके सामने शिकायतों का अंबार लगा दिया। मरीजों एवं परिजनों ने बताया कि अस्पताल में भारी अव्यवस्था व्याप्त है। पीने का पानी, वाटर कूलर, पुरुष प्रसाधन की कमी है मरीजों के लिए बनाए गए शौचालयों की स्थिति भी रख रखाव के आभाव में बेहद दयनीय हो चुकी है साफसफाई की कमी है एवं खाने की मात्रा एवं गुणवत्ता भी सही नहीं है। वोरा ने इस पर सिविल सर्जन से बात कर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अव्यवस्थाओं के तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। वोरा ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है जिले के सबसे बड़े अस्पताल को अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। सरकार स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के लिए करोड़ों खर्च कर रही है लेकिन रख रखाव व प्रबंधन की लापरवाही से आगे पाठ पीछे सपाट की स्थिति उत्पन्न ना होने पाए इस बात का ध्यान रखते हुए सिविल सर्जन स्वयं अस्पताल की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करें। आस पास के क्षेत्रों के आम जनों एवं गरीबों के लिए दुर्ग जिला अस्पताल एक बड़ा सहारा है। हमर लैब, 11 करोड़ के सर्जिकल वार्ड, 3 करोड़ के ऑक्सीजन प्लांट, ट्रामा सेंटर, वायरोलॉजी लैब जैसी तमाम सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई गई हैं।

## चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधिमण्डल ने भिलाई तीन टीआई से की मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले में लगातार व्यापारियों के साथ हो रहे धोखाधड़ी और अन्य अपराधिक घटनाओं के संबंध में आज छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमण्डल ने भिलाई तीन थाना प्रभारी मनीष शर्मा से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवं भिलाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने क्षेत्र के बाजारों में पेट्रोलिंग वाहनों के गश्त बढ़ाने एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्था बनाने की मांग की। साथ ही क्षेत्र के प्रमुख सिरसा चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरूस्त करने एवं हाईटेक नाइट विज़न कैमरे लगाने की मांग की गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं व्यापारियों के मध्य समन्वय स्थापित करने के संबंध में भी विशेष चर्चा की गई।

मालूम हो कि इससे पूर्व गत दिनों चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल ने दुर्ग एएसपी संजय ध्रुव से भेंट की थी। इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने जिले में व्यापारियों के साथ हो रहे आपराधिक घटनाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की थी। इसी कड़ी में चेम्बर के जोन -1 भिलाई तीन में व्यापारियों के प्रतिनिधिमण्डल ने भिलाई तीन थाना प्रभारी से भेंट की। इस दौरान भिलाई तीन चेम्बर के वरिष्ठ सदस्य शमन नत्थानी एवं अनिल जेठानी ने पुलिस को स्थानीय व्यापारियों में आपराधिक घटनाओं के चलते व्याप्त भय की जानकारी दी। साथ ही भिलाई तीन के व्यापारी रमेशलाल नथानी के यहां 3 महीने के भीतर दो बार चोरी की घटना की जानकारी दी। जिसमें तीन माह पूर्व उनके प्रतिष्ठान से 3 लाख रूपए नगद चोरी तथा बीते दिन लगभग 15 लाख रूपए के मोबाईल चोरी हो गए।

इस भेंट के दौरान चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने थाना प्रभारी से बाजार क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं करने की मांग की।

## बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का धुआंधार दौरा किया। जिन क्षेत्रों में बारिश के वजह से जलभराव की समस्या होती है उन क्षेत्रों के बड़े नालों को प्राथमिकता क्रम पर सफाई कराई जा रही है। इंदु आईटी के समीप स्थित नाला का निरीक्षण आयुक्त ने किया।

नाला का कचरा निकाल कर इसका चौड़ीकरण किया जा रहा है आयुक्त ने पुल के नीचे के मलबे को हटाकर विस्तृत सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने बीएसपी क्षेत्र के नाले का भी निरीक्षण किया, जलकुंभी की वजह से नाला का यह पानी माइलस्टोन स्कूल के समीप स्थित पूल में जमा होकर बारिश के दिनों में जाम हो जाता है। आयुक्त ने बीएसपी प्रबंधन को नाला सफाई के लिए पत्र जारी करने के निर्देश दिए है, ताकि अभी से जलकुंभी को हटाकर विस्तृत सफाई हो जाए और बारिश के दिनों में अनावश्यक परेशानियां न उठाना पड़े और रुकावट की स्थिति नाला में न हो।

उल्लेखनिय है कि महापौर नीरज पाल ने बारिश से पूर्व सभी बड़े नालों और छोटे नालियों की सफाई करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। इसी तारतम्य में नालों की सफाई बारिश पूर्व की जा रही है। आज के निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा मौके पर मौजूद रहे।

## शिविर में स्वयं आयुक्त ने बीपी, शुगर जांच कराकर अन्य को किया प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई ।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। आज राधा कृष्ण मंदिर वार्ड क्रमांक 15 जोन क्रमांक 2 में लगे मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर में उपस्थित अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगो का हिमोग्लोबिन, सिकलिंग सहित ब्लड ग्रुप की जांच की गई और खान पान, रहन सहन और स्वच्छता को अपनाते हुए अपने और परिवार के स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी गई।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट और एक दाई-दीदी क्लीनिक संचालित है, जो शासन की मंशा अनुसार स्लम क्षेत्रों में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने शिविर आयोजित कर रहे है। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया जा रहा है। आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अपने नियमित निरीक्षण के दौरान राधा कृष्ण मंदिर के स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे उन्होंने वहां इलाज कराने आए लोगों से बात की और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना।

निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने स्वयं अपना ब्लड प्रेशर एवं लिपिड प्रोफाइल चेक कराया और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना आवश्यक है, इससे विभिन्न बीमारियों का पता भी चलता है और इसका इलाज समय रहते हो जाता है, विलंब करने की दशा में बीमारियों को बढ़ने का मौका मिलता है, मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाई प्राप्त करने की जानकारी उन्होंने लोगों को दी।

### खुर्सीपार में दया सिंह का जनता दर्शन

## 5 स्कूली बच्चों की फीस माफ कराया, 4 का स्कूल में दाखिला, 28 प्वाइंट्स पर शुरू कराया पानी टैंकर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** वार्ड-44 खुर्सीपार में दया सिंह का जनता दर्शन को गजब रिस्पांस मिल रहा है। लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। ये भीड़ अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं, जिनका त्वरित समाधान भी हो रहा है। आज दया सिंह के जनता दर्शन में 100 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्या बताई। जिसका समाधान उन्होंने कराया।

बिजली, पानी, सड़क, राशन कार्ड और मजदूर कार्ड से संबंधित समस्या लेकर लोग पहुंचे। अधिकांश लोगों ने राशन कार्ड से संबंधित शिकायत की। उनका कहना था कि लंबे समय से आवेदन दिए हैं, अभी तक समाधान नहीं हुआ है। लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं। पार्षद दया ने तत्काल इस संबंध में निगम के अधिकारियों से बात की। उनसे समन्वय बनाकर उनका निदान कराया गया। आवेदन लिए गए हैं, उन्हें आश्वास्त किया गया है कि बहुत जल्द नया कार्ड बन जाएगा। इसी तरह बीपीएल राशन कार्ड के लिए लोग पहुंचे। उन्होंने भी अपनी समस्या दया सिंह को बताई। दया सिंह ने 5 बच्चों के प्राइवेट स्कूल की फीस माफ कराया। वहीं 4 बच्चों का दाखिला स्कूल में कराया। इसके अलावा गर्मी के दिनों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित है। इसके निदान के लिए 28 प्वाइंट्स पर पानी टैंकर शुरू कराया गया। अब गर्मी में लोगों को राहत मिल रही है। वहीं पेंशन से जुड़े प्रकरण का निपटारा बैंक मैनेजर से बात करके किया।

### पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री को कांग्रेस जनों ने किया नमन

# आधुनिक भारत के शिल्पी थे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी - निर्मल कोसरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई-3। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर भिलाई - चरोदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सिरसा चौक भिलाई-3 में एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे ने स्वर्गीय राजीव गांधी को आधुनिक भारत के शिल्पी बताते हुए नमन किया।**



प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 21 मई को भिलाई - चरोदा ब्लॉक कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी का पुण्यतिथि मनाया। सिरसा चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे मुख्य अतिथि थे।

सभापति कृष्णा चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजीत बघेल एवं ओनी महिलांग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सभी अतिथियों के साथ उपस्थित कांग्रेस जनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के तैल चित्र पर बारी बारी से श्रृद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि राजीव गांधी सही मायने में आधुनिक भारत के शिल्पी थे। उन्होंने कम्प्यूटर व दूरसंचार क्रांति की नींव रखी थी। श्री कोसरे ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार राजीव गांधी के सपनों को बखूबी साकार कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में आधुनिक सोंच और दूरदर्शिता से देश को नई दिशा दी। इसका फायदा देशवासियों को आज मिल रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया ने कहा कि राजीव गांधी ने कम्प्यूटर लाकर डिजिटल युग की शुरुआत की थी। आज मोबाइल फोन को लेकर जो क्रांति दिख रही है वह राजीव गांधी की देन है। कार्यक्रम को सुजीत बघेल व ओनी महिलांग ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस. वेंकटरमना, मनोज डहरिया, एम. जॉनी, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा, सुषमा चंद्राकर, मनीष वर्मा, हेमंत वर्मा, पूर्व पार्षद लावेश मदनकर, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चंद्राकर, आशीष वर्मा, धर्मेंद्र कोसरे, कुमुद मढ़रिया, कलिंद्री नायक, रामकुमार भलावी, रमना मूर्ति, लोकेश कुमार सिन्हा, तौहीद खान, विमल मानकर, बाबू जफर, बीएन राजू, मनु सोनी, इंद्रजीत यादव, कमलेश चंद्राकर, मधु स्वर्णकार, विजय रजक, बितावन वर्मा, श्रवण कुमार विश्वकर्मा, रुस्तम खान, मोहम्मद हाशमी, अजहर अली, मिलिंद दानी, सुप्रिय टेम्बुरकर, कमला वर्मा, मन्नूलाल सोनी, अब्दुल हसन, मोहम्मद तौसीफ रजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950